दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। शुक्रवार 03 जनवरी-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 15 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## पीएम मोदी आज से करेंगे दिल्ली में चुनाव प्रचार की शुरुआत



**नई दिल्ली।** दिल्ली चुनाव को लेकर अभी ऐलान नहीं हुआ है लेकिन उसके पहले ही प्रधानमंत्री मोदी पूरी तैयारी में नजर आ रहे हैं। कल यानी शुक्रवार को पीएम मोदी दिल्ली चुनाव को लेकर बिगुल फुकेंगे। इससे पहले पीएम मोदी जनता को दिल्ली मेट्रो और एक्सप्रेसवे समेत कई परियोजनाओं की सौगात देंगे। करेंगे। रोहिणी के जापानी पार्क में आयोजित पीएम मोदी जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इसके बाद पीएम मोदी की दूसरी रैली पांच जनवरी को पूर्वी दिल्ली के सीबीडी ग्राउंड में प्रस्तावित है।

दिल्ली मेट्रो के फेज-4 के तहत रिठाला-नरेला लाइन का शिलान्यास प्रधानमंत्री मोदी करेंगे। इसके साथ ही दिल्ली-सहारनपुर नेशनल हाईवे का भी शुभारंभ करेंगे। पीएम दिल्ली की जनता को जाम से निजात दिलाने तथा प्रदूषण मुक्त करने वाले अन्य चार परियोजनाओं की भी सौगात देंगे। प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम को लेकर बीजेपी पूरी तैयारी में है और भारी भीड़ जुटाने के लिए लगी है।

जानकारी के अनुसार पीएम मोदी कल पूर्वी और पश्चिमी दिल्ली में दिल्ली विश्वविद्यालय परिसरों के दो नए परिसरों समेत वीर सावरकर और सुषमा स्वराज के नाम से कॉलेज की आधारशिला भी रख सकते हैं।

इस बात की जानकारी विश्वविद्यालय के सूत्रों द्वारा दी जा रही है। इसको लेकर डीयू की कार्यकारी परिषद ने 2021 में ही मंजूरी दे दी थी। सावरकर के नाम पर बनने वाले कॉलेज को लेकर 140 करोड़ की अनुमानित लागत रखा गया है।

विस्तृत खबर, पृष्ठ 2

## शहर विधायक संजीव शर्मा ने सांसद अतुल गर्ग के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से की मुलाकात

### शहर विधायक संजीव शर्मा ने डिफेंस की जमीन पर हो रहे अतिक्रमण से रक्षा मंत्री को अवगत कराया





गाजियाबाद, करंट क्राइम। शहर विधायक संजीव शर्मा ने विधायक बनने के साथ ही अपने क्षेत्र के विकास व यहां की समस्याओं के समाधान की कवायद शुरू कर दी थी। इसी कड़ी में अब वे लाईनपार क्षेत्र की बहुत बड़ी समस्या डिफेंस की खाली पड़ी जमीन पर हो रहे अतिक्रमण को हटवाने के लिए जुट गए हैं। इसके लिए विधायक संजीव शर्मा ने सांसद अतुल गर्ग के साथ देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके दिल्ली स्थित आवास पर मुलाकात की।

### डिफेंस की जमीन पर असामाजिक तत्वों ने अतिक्रमण कर रखा है

करंट क्राइम। शहर विधायक संजीव शर्मा ने उन्हें बताया कि लाईनपार क्षेत्र में डिफेंस की काफी जगह है, जो खाली पड़ी हुई है। इस जमीन पर असामाजिक तत्वों व अपराधिक किस्म के लोगों ने अतिक्रमण कर लिया है और यहां झुग्गियां बना ली हैं। यह अतिक्रमण पुराना विजयनगर में बाल्मीकि बस्ती से भारत नगर में चावला होटल तक है। डिफेंस की खाली पड़ी जगह पर अतिक्रमण करके जो झुग्गियां बनाई गई हैं, उनमें अधिकांश में असामाजिक तत्व व आपराधिक किस्म के लोग निवास करते हैं और प्रतिदिन आपराधिक घटनाओं को अंजाम देते हैं, जिससे पूरे लाईनपार क्षेत्र के निवासी परेशान हैं और उनमें भय व्याप्त है।

### अतिक्रमण हटाने पर लाइनपार क्षेत्र से अपराध भी खत्म हो जाएंगे

सांसद अतुल गर्ग ने भी डिफेंस की खाली पड़ी जमीन, उस पर असामाजिक तत्वों व आपराधिक किस्म के लोगों द्वारा अतिक्रमण कर लाईनपार क्षेत्र में रोजाना आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने के बारे में बताया। विधायक संजीव शर्मा ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को बताया कि लाईनपार क्षेत्र में लाखों लोग रहते हैं और सभी डिफेंस की जमीन पर अतिक्रमण कर वहां निवास करने वाले असामाजिक तत्वों व अपराधिक किस्म के लोगों से परेशान व भयभीत हैं। अत: रक्षा मंत्रालय की अरबों रुपए की इस जमीन से अतिक्रमण हटवाया जाए ताकि लाईनपार क्षेत्र से अपराध खत्म हो और क्षेत्र का सम्पूर्ण विकास हो सके।

## पीएम प्रोग्राम के चलते कमिश्नरेट में तीन दिन के लिए धारा-163 लागू, आठ थानाक्षेत्रों को बनाया गया रेड जोन

### बिना अनुमति के नहीं उड़ेगा कोई भी ड्रोन और ना होगी वीडियो-फोटोग्राफी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 5 जनवरी को गाजियाबाद के साहिबाबाद नमो भारत हाई स्पीड ट्रेन से आनंद विहार न्यू अशोक नगर के लिए जो कार्यक्रम है, उसको देखते हुए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में निषेधज्ञा अंतर्गत धारा-163



बीएनएसएस 2023 जारी कर दी गई है। धारा-163 लगाने के साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत आने वाले आठ थानाक्षेत्रों जो प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर अतिसंवेदनशील माने जा रहे हैं, उनको रेड जोन में तब्दील कर दिया गया है। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में तीन दिनों तक पैराग्लाइडर, हॉट बैलून और ड्रोन से लेकर सार्वजनिक और निजी स्थान की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी पर भी रोक रहेगी।

इसके साथ ही जिस स्थान पर प्रधानमंत्री का कार्यक्रम है और जिस सड़क मार्ग से प्रधानमंत्री का काफिला गुजरेगा ,वहां सुरक्षा का त्रिस्तरीय घेरा रखा जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को लेकर



अगले दो दिन में एसपीजी गाजियाबाद में डेरा डालेगी। तो वही प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को सफलतापूर्वक करने के लिए कई अन्य जनपदों से फोर्स और पुलिस के गजेटेड अधिकारी भी गाजियाबाद कमिश्नरेट पहुंचेंगे।

### कोतवाली से लेकर लिंक रोड तक रहेगा रेड जोन

करंट क्राइम : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 5 जनवरी को साहिबाबाद में नमो भारत ट्रेन के दिल्ली तक शुरू करने का कार्यक्रम है।

इस कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के थाना घंटाघर कोतवाली, मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र, नंदग्राम, सिहानी गेट, इंदिरापुरम, कौशांबी, साहिबाबाद और लिंक रोड को नो ड्रोन जोन और अस्थाई रूप से रेड जोन घोषित किया गया है। यहां किसी भी प्रकार का हॉट बैलून और ड्रोन से शूटिंग की अनुमति नहीं रहेगी। साथ ही यहां पुलिस की अतिरिक्त तैनाती और कंट्रोल रूम को अलर्ट रखा जाएगा।

### विशेष विमान से आएंगे पीएम और सड़क से गुजरेगा काफिला

करंट क्राइम : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5 जनवरी को साहिबाबाद के हिंडन एयर बेस में दिल्ली से आएंगे, फिर वह अपने सुरक्षा काफिले के बीच होकर साहिबाबाद नमो भारत स्टेशन पहुंचेंगे। वहां से स्टेशन से हाई स्पीड ट्रेन में सफर दिल्ली तक करेंगे। वहां कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए बड़ी संख्या में आठ थानाक्षेत्रों में पुलिस बल और अधिकारियों की तैनाती की जाएगी। वही लिंक रोड, साहिबाबाद और इंदिरापुरम थानाक्षेत्र में विशेष सुरक्षा इंतजाम भी किए जाएंगे।

### सिटी और ट्रांस हिंडन जोन रहेंगे जो ड्रोन जोन

करंट क्राइम : एडिशनल सीपी का चार्ज संभाल रहे डीसीपी सिटी राजेश कुमार ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के मद्देनजर निषेधज्ञा लगाई गई है। वहीं धारा-163 लागू की गई है। जिसके तहत कोई भी धरना-प्रदर्शन या सार्वजनिक कार्यक्रम बिना अनुमति के नहीं होगा। तो वहीं इस दौरान सिटी जोन के अंतर्गत आने वाले घंटाघर कोतवाली, मधुबन बापूधाम, नंदग्राम, सिहानी गेट थाना पर अतिरिक्त मुस्तैदी बरती जाएगी। तो वही ट्रांस हिंडन जोन वाले इंदिरापुरम, कौशांबी, साहिबाबाद और लिंक रोड में भी पुलिस बल तैनात रहेगा।

## भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष पर पुलिस ने लगा दी गैंगस्टर वाली धारा भाजपाइयों ने दे दिया थाने पर धरना और लगाया कार्यकर्ता एकता का नारा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सरकार भाजपा की है, राज भाजपा का है और नाराज भी भाजपा वाले ही हैं। विपक्ष खामोश है और सरकार वाले भाजपाईयों में आक्रोश है। मामला साहिबाबाद विधानसभा के इंदिरापुरम थाने का है। जब यहां पुलिस ने भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अनुज कसाना को गैंगस्टर की धारा में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा तो फिर भाजपा युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष सचिन डेढा के नेतृत्व में कार्यकताओं ने इंदिरापुरम थाने का घेराव कर लिया। कार्यकर्ता यहां धरने पर बैठ गए और लगभग पांच घंटे तक हाईवोल्टेज ड्रामा चला।

मंडल अध्यक्ष को गैंगस्टर की धाराओं में जेल भेजे जाने की सूचना के बाद पहले भाजपा युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष सचिन डेढा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाली और लिखा कि सभी कार्यकर्ता जल्दी से जल्दी इंदिरापुरम थाने पहुंचे। ये हैरानी की बात थी कि जिनकी सरकार है उस पार्टी के भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष को थाने जाकर धरना देना पड़ा। भाजपा में युवा मोर्चा के अध्यक्ष का पद अहम माना जाता है।

लेकिन जब युवा मोर्चा के अध्यक्ष का मैसेज सोशल मीडिया पर चला तो सभी का ध्यान गया और फिर सचिन डेढा पहुंचे और थाने में धरने पर बैठ गए। सचिन डेढा के मैसेज के बाद भाजपा के पार्षद, मंडल अध्यक्ष और मोर्चों के नेता भी थाने पहुंचे।

### मंडल अध्यक्षों से लेकर पार्षद और मोर्चा अध्यक्ष भी पहुंच गए थाने पर



**करंट क्राइम।** जब भाजपा युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष सचिन डेढा ने थाने पर धरना दिया और कार्यकताओं से आहवान किया कि सभी इंदिरापुरम थाने पहुंचे। इसके बाद भाजपा के मंडल अध्यक्ष, भाजपा के पार्षद और मोर्चों के पदाधिकारी भी थाने पहुंचे। थाने में धरने में पहुंचने वालों में गौरव सोलंकी, पार्षद नरेश भाटी, मनोज पाल, तेजपाल राणा थे तो वहीं मोर्चों में किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष पंकज भारद्वाज, भाजपा अनुसूचित मोर्चा के महानगर अध्यक्ष अनिल कल्याणी, पूर्व पार्षद अतर सिंह, भाजपा दिव्यांग मोर्चा के अध्यक्ष सुनील शर्मा, इंदिरापुरम मंडल अध्यक्ष हरमती बख्शी, मंडल अध्क्ष सुधीर त्यागी, वसुंधरा मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा, भाजपा नेता रोबिन भड़ाना, आशीष चौधरी, अनुज कश्यप, प्रतीक माथुर, काजल त्यागी, पप्पू नागर, संदीप त्यागी, आशुतोष शर्मा, मनोज यादव, बिन्नू राम गौतम, अभिजीत मुखर्जी, कृष्णकांत शर्मा, रवि गौतम भी थाने पर पहुंचे और धरने पर बैठे।

### क्यों बोले सचिन डेढा, जब हमें है जरूरत तो कोई आने का तैयार नहीं



**करंट क्राइम।** भाजपा युवा मोर्चा के खोड़ा मंडल अध्यक्ष अनुज कसाना को पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में जेल भेज दिया। इस बात से नाराज महानगर अध्यक्ष युवा मोर्चा सचिन डेढा थाने पहुंचे और यहां सचिन डेढा के शब्दों में उनका आक्रोष दिखाई दिया और उन्होंने कहा कि जब जरूरत होती है तो कहा जाता है कि युवा मोर्चा दो हजार लोगों को लेकर इस कार्यक्रम में आए, उस कार्यक्रम में आए। लेकिन जब आज युवा मोर्चा को जरूरत है तो कोई आने को तैयार नहीं है और यह कहकर युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन डेढा धरने पर बैठ गए। पुलिस के खिलाफ नारेबाजी शुरू हो गई। ह्यपुलिस प्रशासन शर्म करोह्न के नारे लगाते हुए ये आवाजें आने लगी कि हमारे साथ दूसरी सरकारों वाला व्यवहार किया जा रहा है। जब कार्यकर्ता ने ये कहा कि वो युवा मोर्चा का मंडल अध्यक्ष है तो उसे और अधिक प्रताड़ित किया गया और फिर आवाज आई कि हमें भी फांसी दे दो और हर कार्यकर्ता को गोली मारो।

### पांच घंटे तक चला इंदिरापुरम थाने में हाईवोल्टेज सीन



**करंट क्राइम।** भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकताओं ने सुबह ग्यारह बजे इंदिरापुरम थाने में धरना दिया। नारेबाजी शुरू हो गई और ये धरना पूरे दिन चलता रहा। चार बजे तक चले इस धरने में खोड़ा पुलिस चौकी के इंचार्ज और अधिकारी निशाने पर रहे। कार्यकताओं ने उत्पीड़न का आरोप लगाया। बड़ी बात ये थी कि यहां युवा मोर्चा के समर्थन में इंदिरापुरम मंडल के प्रभारी, इस क्षेत्र के पार्षद, पूर्व पार्षद और मोर्चों के पदाधिकारी भी पहुंचे। कार्यकताओं का ये कहना था कि चौकी इंचार्ज ने द्वेषभाव से ये कार्यवाही की है।

### जब अध्यक्ष बोले- नहीं होने देंगे कार्यकर्ता के साथ नाइंसाफी

**करंट क्राइम।** शहर विधायक तथा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा इस घटना की सूचना मिलते ही इंदिरापुरम थाने पहुंचे। दैनि करंट क्राइम से बातचीत में संजीव शर्मा ने कहा कि भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष को गैंगस्टर



एक्ट में जेल भेजा गया है, उसे लेकर आक्रोश है। जिस धारा को लेकर गैंगस्टर एक्ट लगाया गया है वो धारा खत्म हो चुकी है। जिस मुकदमें को आधार बनाया गया है वो मुकदमा कोर्ट से रद्द हो चुका है। संजीव शर्मा ने कहा कि मुझे जानकारी मिली है कि इस मामले में पुलिस का रवैया ठीक नहीं रहा है। संजीव शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ता के साथ नाइंसाफी नहीं होने देंगे। उन्होंने इस मामले में पुलिस आयुक्त से भी बात की और सांसद अतुल गर्ग से भी बात की। इसके बाद संजीव शर्मा ने धरना समाप्त कराया।

### कार्यकर्ता को नहीं मिला इंसाफ तो मैं इस्तीफा देने को तैयार : सचिन डेढा



**करंट क्राइम।** भाजपा युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष सचिन डेढा ने कहा कि चौकी इंचार्ज ने हमारे कार्यकर्ता पर गलत तरीके से गैंगस्टर एक्ट लगाई। सचिन डेढा ने आरोप लगाया कि चौकी इंचार्ज ने अधिकारियों को मिस गाइड किया और रंजिशन ये मुकदमा दर्ज किया है। युवा मोर्चा के कार्यकर्ता आक्रोशित हैं। सचिन डेढा ने कहा कि अगर हमारे कार्यकर्ता को इंसाफ नहीं मिला तो मैं इस्तीफा देने का तैयार हूं। जब उनसे कहा गया कि सरकार आपकी है तो धरने की जरूरत क्यों पड़ी। इस पर सचिन डेढा ने कहा कि सरकार हमारी है, लेकिन कुछ अधिकारी दूसरी मानसिकता के हैं।

### जब संजीव शर्मा की हुई एंट्री और अतुल गर्ग भी आ गए टेलिफोनिक समर्थन के साथ



**करंट क्राइम।** शहर विधायक तथा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा जब इंदिरापुरम थाने पहुंचे तो कार्यकताओं में उन्हें देखकर जोश आ गया। क्योंकि तब तक कोई बड़ा लीडर, कोई जनप्रतिनिधि नहीं पहुंचा था और संजीव शर्मा की एंट्री होते ही जिंदाबाद के नारे लगने लगे और सीन में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग की एंट्री भी टेलिफोनिक हो गई। इसके बाद संजीव शर्मा ने पुलिस आयुक्त को फोन मिलाया और कार्यकर्ता का पक्ष रखा और पुलिस आयुक्त से बात की। इसके बाद पांच कार्यकताओं की टीम का पुलिस आयुक्त से मुलाकात करने का सीन बना। संजीव शर्मा ने कार्यकताओं को आश्वासन दिया कि मेरी बात हो गई है। इस मामले में सर्टिफाइड कॉपी देने के बाद गैंगस्टर एक्ट भी हटेगा और चौकी इंचार्ज के खिलाफ भी कार्रवाई होगी, उसके बाद ये धरना समाप्त हुआ।

### पुलिस आयुक्त ने कहा सर्टिफाइड कॉपी उपलब्ध कराएं, हम हटा देंगे गैंगस्टर

**करंट क्राइम।** इंदिरपुरम थाने में भाजपा युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष सचिन डेढा के नेतृत्व में धरना दिया जा रहा था। महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा थाने पर पहुंचे और उन्होंने लोकसभा सांसद अतुल गर्ग से बात की। इसके बाद लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने पुलिस आयुक्त से बाती और महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने पुलिस आयुक्त से बात की। उन्हें बताया कि जिस मुकदमें में कार्यवाही की गई है वह मुकदमा ही रदद हो चुका है और एफआर लग चुकी है। यहां पर पुलिस आयुक्त अजय मिश्र ने कहा कि जो मुकदमा अदालत से खत्म हुआ है उसकी सर्टिफाइड कॉपी तीन दिन के अंदर उपलब्ध करा दें, तो गैंगस्टर एक्ट हटा देंगे।

### कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने की बार एसोएिशन में बात और कहा पहले कराएंगे जमानत

**करंट क्राइम।** साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा एक कार्यक्रम में मोदीनगर में मौजूद थे। उन्हें भी इस मामले का सुबह ही पता चला। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने इस पूरे प्रकरण में बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों से बात की। सुनील शर्मा विधायक भी हैं, कैबिनेट मंत्री हैं और वो अधिवक्ता भी हैं। वो जानते हैं कि मुकदमा दर्ज हो जाने के बाद पुलिस द्वारा जेल भेज दिये जाने के बाद पहला कदम रिहाई का होता है। उन्होंने इस पूरे मामले की जानकारी ली और फिर बार एसोसिएशन पदाधिकारियों से बात की। कार्यकर्ता की पैरवी और जमानत के लिये रास्ता बनाया। उन्होंने इस मामले में अधिकारियों से बात की।

# दिल्ली में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फूंकेंगे चुनावी बिगुल

## दिल्लीवासियों को देंगे 4500 करोड़ की कई परियोजनाओं की सौगात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली विधानसभा चुनाव का बिगुल आज फूंकेंगे। रोहिणी के जापानी पार्क में पीएम रैली को संबोधित करेंगे और दिल्ली के विकास की कार्ययोजना पेश करते हुए 4500 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं की सौगात देंगे। वहीं, प्रधानमंत्री की दूसरी रैली पांच जनवरी को पूर्वी दिल्ली के सीबीडी ग्राउंड में प्रस्तावित है।

इस मौके पर प्रधानमंत्री दिल्ली मेट्रो के फेज-4 के तहत रिठाला-नरेला-कुंडली लाइन का शिलान्यास और दिल्ली-सहारनपुर नेशनल हाईवे के शुभारंभ के साथ ही दिल्ली को जाम व प्रदूषण मुक्त करने के लिए चार मुख्य प्रोजेक्टों से अवगत कराएंगे। भाजपा जनसभाओं में भारी भीड़ जुटाने की तैयारी में है।

मंडल अध्यक्षों को कम से कम दो बसें भरकर लाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाजपा सांसद कमलजीत सहरावत, योगेंद्र चांदौलिया और रामवीर सिंह बिधूड़ी को रैली आयोजित करने के लिए प्रभारी बनाया गया है।

भाजपा नेताओं का कहना है कि रैलियों में मोदी की गारंटी की घोषणा होगी। भाजपा की रणनीति चुनाव कार्यक्रम के ऐलान से पहले उम्मीदवारों की सूची को भी अंतिम रूप देने की है। यह भी संभव है कि दोनों रैलियों के बाद चुनाव आयोग विधानसभा चुनाव की तारीख घोषित कर दे।




### सावरकर के नाम पर कॉलेज की आधारशिला रखेंगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 3 जनवरी को पूर्वी और पश्चिमी दिल्ली में दो नए दिल्ली विश्वविद्यालय परिसरों के साथ-साथ वीर सावरकर के नाम पर एक कॉलेज की आधारशिला रख सकते हैं। विश्वविद्यालय के सूत्रों ने यह जानकारी दी। यह कॉलेज नजफगढ़ में सावरकर कॉलेज 140 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से बनाया जाएगा। इसे 2021 में डीयू की कार्यकारी परिषद ने मंजूरी दी थी।

सूत्रों के मुताबिक, विश्वविद्यालय ने पीएम मोदी को निमंत्रण भेजा है और प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) से पुष्टि का इंतजार कर रहा है। वहीं, विश्वविद्यालय ने दो कॉलेजों की स्थापना के लिए नजफगढ़ और फतेहपुर बेरी में दो भूखंड आवंटित किए हैं। सूरजमल विहार में प्रस्तावित पूर्वी परिसर की स्थापना 373 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से की जाएगी। वहीं, द्वारका में पश्चिमी परिसर की लागत 107 करोड़ रुपये होने की उम्मीद है। कार्यकारी परिषद ने 2021 में दिवंगत भाजपा नेता सुषमा स्वराज के नाम पर एक कॉलेज का नाम रखने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी थी। डीयू के कुलपति योगेश सिंह को दो आगामी कॉलेजों के लिए नामों के समूह में से नाम चुनने का अधिकार दिया गया था। नामों की इस सूची में सावरकर के अलावा स्वामी विवेकानंद, वल्लभभाई पटेल, सावित्रीबाई फुले जैसे नाम भी शामिल थे।

**आज झुग्गीवासियों को डीडीए के फ्लैट की चाबी भी सौंपेंगे :** राजधानी में झुग्गीवासियों के लिए नववर्ष की शुरूआत खुशखबरी लेकर आई है। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की ओर से वजीरपुर में बनाए गए 1645 स्वाभिमान फ्लैट की चाबी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को अशोक विहार के झुग्गीवासियों को सौंपेंगे। यह कदम दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा की रणनीतिक योजना का अहम हिस्सा माना जा रहा है।

ये फ्लैट जहां झुग्गी, वहीं मकान के तहत बनाए गए हैं। योजना का उद्देश्य झुग्गीवासियों को सुरक्षित और पक्के मकान उपलब्ध कराना है, ताकि वे सम्मानजनक जीवन जी सकें। यह कदम विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा की ओर से सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है। आप की मुफ्त बिजली, पानी और स्वास्थ्य सुविधाओं के वादों के सामने भाजपा झुग्गीवासियों को पक्के मकानों का तोहफा देकर अपनी राजनीतिक पकड़ मजबूत करने की कोशिश करने में लगी है। दिल्ली में झुग्गीवासियों की बड़ी आबादी भाजपा और आप के बीच राजनीतिक खींचतान का केंद्र बन चुकी है। वर्ष 2022 के एमसीडी चुनावों के दौरान भी प्रधानमंत्री ने कालकाजी में 575 झुग्गीवासियों को पक्के मकान सौंपे थे। तीन जनवरी को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

केंद्रीय आवास और शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बुधवार को दिल्ली के सभी सातों सांसदों के साथ बैठक कर कार्यक्रम की समीक्षा की। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि लाभार्थियों को फ्लैट मिलने में कोई दिक्कत न हो और कार्यक्रम को व्यापक स्तर पर प्रचारित किया जाए।

## नए साल पर छाया मातम: 3 साल के बेटे के सामने मां-बाप ने दी जान

**नई दिल्ली।** वजीराबाद में रह रहे एक परिवार में साल के आखिरी दिन तक सब कुछ ठीक था। परिवार ने पहले खुशी-खुशी नए साल का जश्न मनाया। लेकिन, देर रात करीब तीन बजे अपने तीन साल के बच्चे के सामने दंपती के खुदकुशी करने से खुशियां मातम में बदल गईं। मृतक नितेश (32) जल बोर्ड में काम करता था और चांदनी (28) खुद का ब्यूटी पार्लर चलाती थी। मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। मूलरूप से बिहार का रहने वाला परिवार लंबे समय से यहां पर रहता था। नितेश और चांदनी तीन वर्षीय बेटे के साथ चार मंजिला इमारत की पहली मंजिल पर रहते थे। ग्राउंड फ्लोर पर नितेश के माता-पिता रहते हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुबह 3:45 बजे वजीराबाद की सुरेंद्र कॉलोनी में रहने वाले दंपती के आत्महत्या करने के संबंध में जानकारी मिली। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि दंपती ने अपने कमरे में फांसी लगा लगाई थी। जब उनका बच्चा आधी रात को उठा तो उसने माता-पिता को ऐसी स्थिति में देखा।

### पांच वर्ष पहले हुई थी शादी

पुलिस अधिकारी के अनुसार, जिस कमरे में दंपती ने आत्महत्या की है। वहां से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। फिलहाल मामले में जांच की जा रही है। पांच वर्ष पहले दोनों की शादी हुई थी। पुलिस ने दोनों के मोबाइल फोन जब्त कर लिए हैं।

### देर रात तक हुई थी पार्टी

बताया जा रहा है कि घर में देर रात तक नव वर्ष को लेकर पार्टी की गई थी। इसमें परिवार के सभी लोगों के अलावा दंपती के जानकार और रिश्तेदार भी शामिल हुए थे।

## ठंड व शीत लहर से बचाव के लिए बरतें सावधानी : श्री सौरभ भट्ट

### अपर जिलाधिकारी गाजियाबाद ने जारी की एडवाइजरी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जनपद में वर्तमान समय में ठण्ड तेजी से बढ़ी है। बढ़ती ठंड के दृष्टिगत जनपद वासियों हेतु निम्नलिखित दिशा-निर्देश (एडवाइजरी) जारी करते हुए सौरभ भट्ट, अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) गाजियाबाद ने अवगत कराते हुए बताया कि लंबे समय तक ठंड के संपर्क में रहने से बचें। शरीर को सूखा रखें एवं गर्म कपड़ों से ढंक कर रखें। शरीर को गर्म रखने के लिए गर्म पेय पदार्थ एवं पौष्टिक आहार का सेवन करें। हीटर, ब्लोअर, कोयले की अंगीठी आदि चलाते समय थोड़ी खिड़की खोलकर रखें और सोने से पहले इन सभी को बंद कर दें। ठण्ड के समय फ्लू, नाक बहना जैसी विभिन्न बीमारियों की संभावना बढ़ जाती है जो आमतौर पर ठण्ड के लम्बे समय तक संपर्क में रहने के कारण होती हैं। ऐसे लक्षणों के होने पर डाक्टर से परामर्श लें। शीतलहर के समय बुजुर्गों, नवजात शिशुओं तथा बच्चों का विशेष ध्यान रखें। शीतलहरी के समय अत्यन्त आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकलें। यदि सम्भव हो तो यात्रा से बचें। पर्याप्त रोग प्रतिरोधक शक्ति और शरीर के तापमान के संतुलन को बनाए रखने के लिए स्वस्थ भोजन, विटामिन सी से भरपूर फल और सब्जियां खाएं। शीतदंश (यथा शरीर के अंगों के सुन्न पड़ने, हाथ-पैरों, कान एवं नाक पर सफेद या पीले रंग के दाग इत्यादि पड़ने पर) जैसी बीमारियों के लक्षण होने पर तत्काल डाक्टर से संपर्क करें। ठण्डे पानी के स्थान पर हल्के गर्म पानी का प्रयोग करें। आग तापने के लिए प्लास्टिक थैलियों, टायर का प्रयोग न करें। आग जलाते समय ज्वलनशील पदार्थ आसपास न रखें। बिस्तर के पास अलाव न जलाएं।

## डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रांतीय पदाधिकारियों ने किया प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार

### गाजियाबाद से डॉ. प्रवीण राठी, डॉ. करणपाल कसाना डॉ. संजीव कौशिक को प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर किया गया मनोनीत



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रांतीय पदाधिकारियों के द्वारा प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए गाजियाबाद से डॉ. प्रवीण राठी, डॉ. करणपाल कसाना, डॉ. संजीव कौशिक को प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रवीण राठी ने प्रदेश कार्यकारिणी को धन्यवाद देते हुए कहा कि संगठन को मजबूत करने व प्रांतीय नेतृत्व के बताये प्रत्येक निर्देशों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा व मेहनत के साथ पूरा करने का काम करूंगा तथा संगठन की उन्नति के लिए प्रयासरत रहूंगा। प्रत्येक फार्मासिस्टों के अधिकारों की लड़ाई मजबूती के साथ लड़ने का प्रयास करूंगा व किसी भी फार्मासिस्ट का उत्पीड़न नहीं होने दिया जायेगा।

## सीएम आतिशी ने किया पंजाबी बाग फ्लाईओवर का उद्घाटन, 17 किलोमीटर का सफर सिग्नल फ्री

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली में धौलाकुआं से आजादपुर तक करीब 18 किलोमीटर का सफर सिग्नल फ्री हो गया है। गुरुवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने पंजाबी बाग फ्लाईओवर का उद्घाटन किया है। इससे पहले उन्होंने आनंद विहार में फ्लाईओवर का उद्घाटन किया था। लोगों को जाम से राहत दिलाने के लिए दो बड़ी परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। पहला आनंद विहार अप्सरा बार्डर फ्लाईओवर चालू है। वहीं आज से पंजाबी बाग फ्लाईओवर जनता को समर्पित कर दिया गया है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने बनाया है।

अब नहीं लगेगा पंजाबी बाग में जाम



पंजाबी बाग फ्लाईओवर निर्माण की अनुमानित लागत 352.32 करोड़ रुपये है। दिल्ली सरकार ने दावा किया है कि इस फ्लाईओवर का उपयोग प्रतिदिन औसत 12,50,000 से अधिक वाहन करेंगे और सालाना 6,00,000 लीटर से अधिक ईंधन की बचत होगी। यह फ्लाईओवर वेस्ट दिल्ली इंटीग्रेटेड ट्रांजिट कॉरिडोर डेवलपमेंट के तहत तैयार किया जा रहा है। इसकी लंबाई 1.1 किलोमीटर है। फ्लाईओवर के दोनों तरफ की चौड़ाई 23 मीटर है।

फ्लाईओवर के नीचे तीन ईएसआई अस्पताल, श्मशान घाट और मोतीनगर के पास तीन अंडरपास बनाए गए हैं, ताकि तिलक नगर से आने वाले या फिर जाने वाले वाहन चालकों को दिक्कत न हो। इससे धौलाकुआं से आजादपुर तक का सफर सिग्नल फ्री हो जाएगा। मौजूदा समय में धौलाकुआं से आगे नारायणा फ्लाईओवर, मायापुरी, राजा गार्डन, पंजाबी बाग, मोती नगर, चौधरी ब्रह्म सिंह और शालीमार बाग फ्लाईओवर बने हुए हैं। क्लब रोड फ्लाईओवर पर आवाजाही शुरू होने से वाहन चालक बिना किसी बाधा के मंजिल तक पहुंच सकेंगे।

## यात्रियों को उठाने के लिए ठंडा पानी डालना पड़ा भारी, डीआरएम ने एजेंसी पर ठोंका जुर्माना



**लखनऊ।** चारबाग रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर आठ व नौ पर ट्रेन के इंतजार में सो रहे यात्रियों पर सफाईकर्मियों ने पानी डालकर जगाया था। मामले की पड़ताल के बाद गुरुवार को डीआरएम सचिंद्र मोहन शर्मा ने 10000 रुपये का जुमार्ना लगाया है साथ ही दोबारा शिकायत आने पर सख्त कार्रवाई की हिदायत दी है।

मामला बीते शनिवार का है। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के चारबाग स्टेशन पर सफाईकर्मियों के यात्रियों पर पानी डालने का वीडियो सोशल मीडिया एक्स पर वायरल हुआ था। राजू यादव ने डीआरएम सचिंद्र मोहन शर्मा को वीडियो शेयर किया था, जिसमें सफाईकर्मी प्लेटफॉर्म धुलने के लिए सो रहे यात्रियों पर पानी डालकर जगा रहे थे। प्लेटफॉर्म आठ व नौ नंबर की ओर खम्मनपीर मजार है। यहां से चलने वाली ट्रेनों से सफर करने वाले व मजार पर आने वाले अक्सर प्लेटफॉर्म पर रुक जाते हैं।

वायरल वीडियो में स्पष्ट नजर आ रहा था कि प्लेटफॉर्म पर सो रहे यात्रियों पर पानी डालकर सफाईकर्मी जगा रहे थे। सोने वालों में बच्चे भी शामिल थे। इससे उन्हें असुविधाएं हुई तथा अपने कंबलों को लेकर हटना पड़ा। सफाईकर्मियों का कहना था कि प्लेटफॉर्म की धुलाई व सफाई के लिए रात में आसानी से काम हो जाता है। दिन में ट्रैफिक के चलते धुलाई नहीं हो पाती है।

हालांकि, वीडियो वायरल होने के बाद डीआरएम सचिंद्र मोहन शर्मा ने जांच के आदेश दिए थे। जांच में सफाईकर्मी दोषी पाए गए। डीआरएम ने बताया कि सफाई एजेंसी पर 10000 रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। रेलवे प्रशासन जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य किया जा रहा है।

## 'टीबी मुक्त उत्तर प्रदेश' के लिए आगे आए सेवानिवृत्त अधिकारी और शिक्षाविद, सीएम योगी ने सौंपी जिम्मेदारी

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'टीबी मुक्त भारत' के संकल्प को साकार करने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अब एक अभिनव पहल की है। मुख्यमंत्री ने सेवानिवृत्त हो चुके आईएएस, आईपीएस, पूर्व कुलपतिगणों और शिक्षाविदों व अन्य वरिष्ठ नागरिकों को 'निक्षय मित्र' की बड़ी जिम्मेदारी दी है। 'निक्षय मित्र' के रूप में यह वरिष्ठ नागरिक 'टीबी उन्मूलन' के प्रयासों में जनजागरूकता बढ़ाने के लिए सहयोग करेंगे। गुरुवार को मुख्यमंत्री ने इस संबंध में सभी के साथ बैठक की और टीबी मुक्त उत्तर प्रदेश अभियान को सफल बनाने के लिए सहयोग का आह्वान किया।

विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने सेवानिवृत्त आईएएस, आईपीएस और पूर्व कुलपतिगणों का स्वागत करते हुए उन्हें प्रधानमंत्री मोदी के 'टीबी मुक्त भारत' के संकल्प के बारे में जानकारी दी। उन्होंने स्वस्थ भारत से ही समर्थ भारत का निर्माण संभव है और जब



भारत समर्थ होगा तभी शक्तिशाली होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वर्ष 2030 तक विश्व को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा था, जिसे मिशन मोड में लेते हुए प्रधानमंत्री जी ने भारत के लिए वर्ष 2025 तक का लक्ष्य रखा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व में सबसे अधिक टीबी रोगी भारत मे हैं और भारत को टीबी मुक्त करने के लिए सबसे बड़ी आबादी के राज्य उत्तर प्रदेश में टीबी उन्मूलन अनिवार्य है। मुख्यमंत्री ने टीबी उन्मूलन की दिशा में पिछले कुछ वर्षों में उत्तर प्रदेश में हुए प्रयासों की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में टीबी रोगियों की जांच पहले के मुकाबले चार गुना हो गयी है। नैट एवं एक्सरे मशीनों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। प्रदेश में टीबी उपचार की सफलता दर पिछले चार वर्षों में 79 प्रतिशत से बढ़कर 92 प्रतिशत हो गयी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि निक्षय पोषण योजनान्तर्गत डीबीटी के माध्यम से लगभग 27 लाख टीबी रोगियों के खाते में 775 करोड़ रुपये की धनराशि का भुगतान हो चुका है। इसी तरह, फेफड़े के टीबी रोगियों के साथ रहने वालों को टीबी रोग न हो, उन्हें टीबी से बचाव का उपचार दिया जा रहा है। टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में जनभागीदारी के महत्व पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि अब तक 45 हजार से अधिक निःक्षय मित्रों द्वारा टीबी रोगियों को गोद लिया गया है और प्रदेश की 1372 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है।

मुख्यमंत्री ने सभी से सहयोग का आह्वान करते हुए कहा कि आप सभी ने लंबे समय तक समाज के बीच कार्य किया है। सभी सुदीर्घ अनुभव रखते हैं। अब सेवानिवृत्ति के बाद आप सभी इस राष्ट्रीय मिशन में सहयोग कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह सबका साझा दायित्व है कि कोई भी टीबी का रोगी छूटने न पाये और जिनको भी टीबी से ग्रसित पाया जाये, उनको तत्काल सही और निरंतर चिकित्सा उपचार उपलब्ध कराया जाये।

## संभल : चुअर खेड़ा की मढ़ी पर होगी खुदाई, कराई सफाई

**संभल।** धार्मिक और ऐतिहासिक धरोहरों से घिरे संभल में आए दिन नए-नए रहस्यों की जानकारी सामने आ रही है। जिले में जगह-जगह मुगलकाल और पृथ्वीराज चौहान के काल के स्थान मिल रहे हैं। संभल की प्राचीन बावड़ी पृथ्वीराज चौहान के शासनकाल की मानी जा रही है। वहीं, फिरोजपुर का किला मुगलकालीन दौर का बना है।

चंदौसी तहसील के गांव खेतापुर अमरपुर उर्फ धर्मपुर में स्थित चुअर खेड़ा मढ़ी (प्राचीन सिद्ध पीठ आश्रम) के महंत किशन महाराज का कहना है कि मढ़ी पृथ्वीराज चौहान के शासनकाल की है। महंत ने बताया कि वर्ष 2004 के दौरान भी सुरंग की खोदाई हुई थी, तो सिक्के भी मिले थे। इन्हीं दावों को देखते हुए प्रशासन ने अब इस मढ़ी की सफाई करा दी है। मढ़ी पर प्राचीन मंदिर, कुआं, और सुरंग है।



### 68 तीर्थों व 19 कुएं का भी होगा सौंदर्यीकरण

जिले में 68 तीर्थ और 19 कुएं धार्मिक महत्व को बताते हैं। इन सभी स्थानों पर एएसआई की टीम भी सर्वे कर चुकी है। हालांकि एएसआई की सर्वे रिपोर्ट जिला प्रशासन को मिलना बाकी है। उसके आधार पर इन सभी स्थानों पर सौंदर्यीकरण का कार्य होना है।

महंत ने बताया कि वह 17 वर्ष से मढ़ी पर रह रहे हैं। महंत का दावा है कि यह सुरंग संभल तक जाती है, जो यहां से करीब 24 किलोमीटर दूर है। वहीं उनके मुताबिक करीब 800 वर्ष पहले मढ़ी से सुरंग बनी थी। उधर, प्रशासन ने अब इस मढ़ी पर बनी सुरंग की खोदाई कराने की बात कही है।

### खग्गू सराय पहुंचे स्वामी गोविंदानंद

रथयात्रा लेकर संभल पहुंचे स्वामी गोविंदानंद सरस्वती बुधवार को संभल के मोहल्ला खग्गू सराय में स्थित प्राचीन शिव मंदिर पहुंचे। उन्होंने मंदिर में भगवान की आरती की। साथ ही विश्व कल्याण की कामना की। स्वामी गोविंदानंद देशभर में हनुमान जी की प्रतिमा का भ्रमण करा रहे है। उधर, बुधवार को भी 46 साल बाद खुले प्राचीन शिव मंदिर में श्रद्धालु ने पहुंचकर पूजा की। यह मंदिर संभल में 1978 में हुए दंगों के बाद से बंद पड़ा था, जो पुलिस प्रशासन के सहयोग से 14 दिसंबर को खोला गया था।

गोविंदानंद महाराज कर्नाटक राज्य के जिला कोप्पल विजयनगर अंतर्गत किष्किंधा, जो पौराणिक मान्यताओं के अनुसार हनुमान जी की जन्मभूमि है, वहां से हनुमान जी की प्रतिमा को भारत भ्रमण पर लेकर निकले हैं। कर्नाटक के मंदिर में प्रतिष्ठित की जाने वाली हनुमान जी की प्रतिमा को देश में तीर्थ यात्रा कराई जा रही है। इसी क्रम में प्रतिमा को भगवान श्री कल्कि के दर्शन कराने के लिए संभल में कल्कि भगवान के दर्शन के लिए लाया गया।

बुधवार को खग्गूसराय, शंकर चौराहा समेत प्रमुख धार्मिक स्थलों पर रथ द्वारा ही भव्य यात्रा निकाली गई। इस दौरान भक्तों ने दर्शन किए। रथयात्रा में सनातन संस्कृति का विशेष प्रदर्शन देख लोग चकित रह गए। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह, सोनू चाहल, रीपिल चौधरी भी मौजूद रहे। इन्होंने रथयात्रा में भागीदारी करते हुए आरती में भाग लिया।

### गदा लेकर खुद चले संभल के सीओ

सीओ अनुज चौधरी नगर के मोहल्ला खग्गू सराय में रथयात्रा के साथ थे। वे खुद ही हनुमान जी की गदा लिए चल रहे थे। खग्गू सराय से वे अस्पताल चौराहे तक रथयात्रा के साथ में रहे और गदा थामे रहे।

## महाकुंभ 2025 : 40 करोड़ सनातनी संगम तट पर लगाएंगे धार्मिक डुबकी

**वाराणसी :** महाकुंभ में देशभर के 150 संप्रदायों के धर्मगुरु शामिल होंगे। विश्व हिंदू परिषद की ओर से 13 जनवरी से 28 फरवरी तक विभिन्न कार्यक्रम होंगे। संत सम्मेलन, युवा संत सम्मेलन, गो रक्षा सम्मेलन, संस्कृत आयाम संगोष्ठी आदि आयोजन होंगे।

परिषद के केंद्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे ने बताया कि महाकुंभ हिंदू आस्था का केंद्र है। महाकुंभ में देशभर के 150 संप्रदायों के धर्मगुरु व साधु-संत शामिल होंगे। संतों सम्मेलन होंगे। संगठन देशभर के सनातनियों को जागरूक करेगा।

40 करोड़ सनातनी संगम तट पर डुबकी लगाएंगे। दक्षिण व उत्तर भारत से काफी संख्या में संत, आचार्य व सनातनी आएंगे। इसमें विदेश के बौद्ध मत के बड़े आचार्य भी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि गो रक्षा एवं गो

### 150 संप्रदायों के धर्मगुरुओं का होगा संगम



संवर्धन के क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्थाओं, कार्यकताओं का भी सम्मेलन होगा।

हम पहले हिंदू हैं, भाव रखने वाले सभी जातियों के बीच कार्य करने वाले हजारों कार्यकर्ता, संस्थाओं का सम्मेलन होगा।

पांच दिवसीय अखिल भारतीय बैठक देश के सभी प्रांतों के साथ 350 विभागों के कार्यकर्ता शामिल होंगे। जो हिंदू धर्म में लौटना चाहते हैं, इनके स्वागत के कार्य में लगे हजारों कार्यकताओं, वेद एवं संस्कृत प्रचार करने वालों के साथ भी सम्मेलन होगा।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...







## प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के बाद आएगी

# गाजियाबाद में एसीपी तबादले की लोकल लिस्ट

## बाहर से आ गए दो एसीपी अब गाजियाबाद से रवाना होंगे एक एसीपी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 5 जनवरी को प्रस्तावित कार्यक्रम है। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम के बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में एसीपी स्तर की लोकल लिस्ट जारी की जा सकती है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीते दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के लिए दो एसीपी स्तर के अधिकारियों का तबादला हुआ था। दोनों ने गाजियाबाद में आमद करवा ली है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से एक एसीपी को बाहर भेजा जाना है। उनकी पहले 30 जनवरी डेट फिक्स की गई थी लेकिन अब वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साहिबाबाद वाले कार्यक्रम होने के बाद ही गाजियाबाद से भेजे जाएंगे।



### क्या दो सर्किल में कार्यवाहक कार्यभार संभालने वाले एसीपी को मिलेगा चार्ज

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों के बीच इन दिनों एक एसीपी स्तर के अधिकारी का नाम चर्चा में चल रहा है कि जल्द ही उनको किसी सर्किल में तैनाती मिलेगी। सूत्रों ने बताया है कि जिस एसीपी को इस लिस्ट में मौका मिलने वाला है वह पूर्व में दो सर्किलों में अपनी कार्यशैली एसीपी के रूप में बेहतर ढंग से ड्यूटी निभा चुके हैं। उनकी ड्यूटी का इनपुट अधिकारियों तक पहुंच गया है और कहा जा रहा है कि उनको इस लिस्ट में कहीं पर चांस मिलेगा। बताया जा रहा है कि वह कमिश्नरेट की वर्किंग और अपनी वर्किंग का टेस्ट दे चुके हैं और उसमें उनकी परफॉर्मेंस बेस्ट बताई जा रही है।

### हो रही है चर्चा कौन होगा आउट

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एसीपी स्तर के अधिकारियों की तबादला लिस्ट को लेकर गजेटेड अधिकारियों के बीच भी चर्चा है कि देखना होगा लिस्ट में किसको इन किया जाता है और कौन आउट होगा। इसके साथ ही किसे बेहतर सर्किल मिलता है और किसे होल्ड किया जाएगा। बताया जा रहा है कि 5 जनवरी के बाद एसीपी स्तर के अधिकारियों की ताबदले वाली लोकल लिस्ट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले अधिकारी जारी कर सकते हैं।

# भाजपा मंडल अध्यक्षों की ताजपोशी का ना जाने कब खुलेगा पर्चा सुना है अभी तक नहीं हुई है गाजियाबाद को लेकर कोई चर्चा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मंडल अध्यक्ष वाला चुनाव भी हो गया, सहमति भी हो गई और चुनाव अधिकारी सबके पर्चे भी ले गए, लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी कोई चर्चे नहीं हो रहे हैं। बेचैनी उस समय भगवा खेमे के मंडल दावेदारों में और बढ़ गई जब अन्य जिलों की लिस्ट तो आई लेकिन गाजियाबाद का नाम नहीं आया। गाजियाबाद में क्या मंडल वाले सीन में कोई होल्ड वाला सीन आ गया है।

मंडल दावेदार ये जानने के लिये उत्सुक है कि आखिर उनके नाम का पर्चा कब खुलेगा और सूत्र बता रहे हैं कि अभी तक तो गाजियाबाद के मंडल अध्यक्षों के नाम पर चर्चा तक नहीं हुई है। हालांकि ये भी बताया जा रहा है कि दो तीन दिन में सब कुछ सामान्य हो जाएगा। शहर और



मुरादनगर विधानसभा में मंडल अध्यक्षों वाला सीन लगभग ग्रीन है। यहां पर जो नाम गए थे उन नामों पर सहमति बन चुकी है और जिस विधानसभा पर एक विधानसभा को लेकर पेंच फंसा है। बहरहाल जो दावेदार अपना नाम कन्फर्म मानकर चल रहे हैं या जिन्हें लग रहा है कि लखनऊ में फैसला हो गया है तो उनके लिये खबर ये है कि अभी तो गाजियाबाद के मंडल अध्यक्षों पर चर्चा भी नहीं हुई है।

### सबसे बड़ी विधानसभा से मंडलों को लेकर फंस गया है पेंच

**करंट क्राइम।** सियासत में हर चीज के अपने दावं पेंच होते हैं और देश की सबसे बड़ी विधानसभा में मंडल अध्यक्षों के चुनाव में भी बड़ी दखल हुई है। सूत्र बताते हैं कि यहां दस मंडलों में पेंच गया है और इसकी वजह से गाजियाबाद के मंडल अध्यक्षों की सूची होल्ड हो सकती है या एक विधानसभा को छोड़कर बाकी विधानसभाओं के मंडल अध्यक्ष घोषित हो सकते हैं। बताया जाता है कि साहिबाबाद में दस मंडलों में भाजपा के चुनाव अधिकारी जो नाम लिखकर ले गए थे उनसे अलग एक लिस्ट हाईकमान के पास पहुंची है और इस लिस्ट के बाद ही स्टोरी में ट्विस्ट आ गया है। सूत्र ये भी बता रहे हैं कि लिस्ट को लेकर बाकी सब ठीक है, लेकिन संगठन की एक लॉबी ने ये स्पष्ट कर दिया है कि पैरोकारी तो ठीक है लेकिन उन नामों की जिम्मेदारी कौन लेगा जिनके बारे में शिकायतें मिली हैं। बताया जाता है कि चुनाव अधिकारियों से अलग जो लिस्ट भेजी गई हैं उसमें कुछ नाम ऐसे हैं जिन्होंने निगम चुनाव में पार्टी उम्मीदवारों का खुलकर विरोध किया था। कुछ नाम ऐसे हैं जो बिल्डर-बिल्डर खेलते हैं।

### इन मंडलों में फंस गया है चेहरों के नाम पर पेंच

**करंट क्राइम।** साहिबाबाद विधानसभा में मंडलों को लेकर सिफारिश का घमासान आ गया है। सूत्र बताते हैं कि यहां लाजपत नगर मंडल में शर्मा नाम पर पेंच फंसा है और इसी मंडल में किसी सूद के नाम पर भी मजबूत पैरवी वाला सीन हुआ है। वसुंधरा मंडल में त्यागी चेहरे को लेकर बात अटक गई है और खोड़ा में राय के नाम पर पूरी राय नहीं बन पाई है। अर्थला मंडल में चौहान के नाम पर घमासान है। इंदिरापुरम मंडल में महिला वैश्य नेता के नाम पर पेंच फंस गया है। नंदग्राम मंडल त्यागी चेहरों को लेकर वीटो लगी है तो शालीमार गार्डन में भाटी व बंसल के नाम का भी दंगल हो रहा है।

# बड़ी संख्या में कुंभ मेला जाएगी गाजियाबाद पुलिस

## कमिश्नरेट के तीनों जोन से पहली खेप की गई प्रयागराज रवाना

### - सब इंस्पेक्टर, हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल किए गए रवाना

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** प्रयागराज में महाकुंभ हो रहा है और महाकुंभ सरकार की प्राथमिकता और वरीयता में है। कुंभ को लेकर जहां तमाम तरीके की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। तो वहीं अब यूपी के अलग-अलग जिलों से पुलिस बल को भी रवाना किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार की रात पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से प्रयागराज के लिए रवाना होने वाली पुलिसकर्मियों की



पहली खेप को भेजा गया है। वहीं दूसरी खेप को भेजने की तैयारी शुरू कर दी गई है। बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में अन्य पुलिसकर्मियों को भी सुरक्षा ड्यूटी के लिहाज से प्रयागराज भेजा जाएगा। प्रयागराज में जो भी शाही स्नान होंगे, वहां अतिरिक्त पुलिस फोर्स लगाया जाएगा। इसके लिए कमिश्नरेट और जिला पुलिस का भी इस्तेमाल किया जा रहा है ।

सूत्रों ने बताया है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से सैकड़ों की संख्या में पुलिसकर्मियों को कुंभ मेला ड्यूटी के लिए भेजा जाना है।

### तीनों जोन से भेजी गई है कुंभ मेले में पुलिस फोर्स

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से जानकारी मिली है कि प्रयागराज कुंभ मेले के लिए बड़ी संख्या में गाजियाबाद पुलिस के जवानों और अधिकारियों को भेजा जाएगा। इसके लिए इंस्पेक्टर स्तर के पुलिसकर्मी और सिपाही तक ड्यूटी में लगाए जाएंगी। वहीं यातायात पुलिसकर्मियों को भी कुंभ ड्यूटी के लिए रवाना किया जाएगा। अभी दो रवानगी के आदेश जारी किए गए हैं। आने वाले दिनों में अन्य पुलिसकर्मियों को भी प्रयागराज कुंभ ड्यूटी के लिए भेजा जाएगा।

### शुरू हो गई है परेड और ठंड दिखा रही है असर

करंट क्राइम : एक तरफ जहां पुलिस लाइन गाजियाबाद में 26 जनवरी को होने वाली परेड की रिहर्सल शुरू कर दी गई है। तो वहीं दूसरी तरफ सर्दी का मौसम पुलिसकर्मियों को परेशान कर रहा है। पुलिसकर्मियों की ड्यूटी बड़ी संख्या में प्रयागराज लगी है। तो परेड के लिए भी पुलिसकर्मियों को लाइन भेजा जा रहा है। वही सर्दी बढ़ने की वजह से चोरी की वारदातों में इजाफा होना शुरू हो गया है। साथ ही दर्जनों पुलिसकर्मी बीमार भी चल रहे हैं। जिससे पुलिसिंग व्यवस्था पर भी शुरूआती प्रभाव पढ़ना शुरू हो गया है।

# न्यू ईयर चेकिंग अभियान के अंतिम दिन 396 वाहनों पर हुई चालान वाली कार्रवाई

### पुलिस ने 2180 व्यक्तियों के 1465 वाहन जांचे

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत न्यू ईयर को लेकर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया था। यह चेकिंग अभियान 26 दिसंबर से शुरू हुआ था, जो 2 जनवरी को समाप्त हो गया। कुल 26 स्थानों पर विशेष चेकिंग अभियान के पॉइंट्स बनाए गए थे। इसके तहत गुरुवार दो जनवरी को गाजियाबाद पुलिस द्वारा 2180 व्यक्तियों के 1465 वाहनों की जांच की गई।

इस दौरान पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर बैरिकेटिंग लगाकर चेकिंग पॉइंट पर 10 पुलिसकर्मियों के साथ जांच पड़ताल और चेकिंग अभियान चलाया। इस चेकिंग अभियान के दौरान कुल 396 वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत चलानी वाली कार्रवाई की गई है।

### एक सप्ताह में 10 हजार वाहनों को पुलिस ने जांचा

करंट क्राइम : न्यू ईयर पर शांति व्यवस्था कायम रहे, हंगामा और हुडदंग ना हो, इसे रोकने के लिए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में 26 स्थानों पर 7 दिनों तक विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस चेकिंग अभियान के दौरान 10 हजार से अधिक वाहनों की जांच की गई है। साथ ही 2500 से अधिक वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत चलानी वाली कार्रवाई भी हुई बताई जा रही है।



# नगर निगम वाली बैठक की शिकायत पहुंची प्रदेश अध्यक्ष के पास !

## एक बिरादरी के दो पार्षद आ गए हैं कार्रवाई वाली रडार पर




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम में 100पार्षद वाले सदन में 75 पार्षद भाजपा के हैं, लेकिन यहां पक्ष में भी भाजपा है और विपक्ष में भी भाजपा है। यहां कोई मोर्चा विपक्ष की ओर से खुलता ही नहीं है। जहां मोर्चा भाजपा वाले ही खोलते हैं। चाहे वो कार्यकारिणी चुनाव का मामला हो, चाहे वो बोर्ड बैठक हो या फिर बोर्ड बैठक से पहले वाली बैठक हो। सामान्य रूल ये है कि मेयर निगम की मुखिया हैं और भाजपा पार्षद उन्हीं के आदेश पर सदन में चलेंगे, लेकिन फूल वाले अलग राह पर चलते हैं। बीते दिनों एक बैठक नगर निगम में हुई। इस बैठक में लगभग 45 पार्षद पहुंचे। निगम के अधिकारी पहुंचे। बैठक में विकास की बात हुई।

विकास के मुद्दों पार्षदों ने अपनी बात रखी और इस बैठक की सबसे खास बात ये थी कि बैठक में मेयर ही नहीं पहुंची। मेयर ने इस बैठक से दूरी बनाई। हालांकि भाजपा के कई पार्षद भी इस बैठक में नहीं पहुंचे लेकिन जो पहुंचे उनमें अधिकांश पार्षद भाजपा केही थे। सूत्र बताते है कि निगम में हुई इस बैठक को प्रदेश संगठन तक पहुंचाया गया है। प्रदेश अध्यक्ष के पास शिकायत दर्ज कराई गई है कि भाजपा पार्षद मेयर की अनुमति के बिना ऐसी बैठक में पहुंचे हैं। सूत्र बताते हैं कि संगठन ने इसे अनुशासनहीनता का मामला माना है और ये बताया जा रहा है कि एक बिरादरी के दो पार्षद संगठन की कार्यवाही वाले टारगेट पर आ गए हैं। बताया जा रहा है कि अब इसके इफेक्ट भी नगर निगम की बोर्ड बैठक में नजर आएंगे।

# दरोगा से मोबाइल लूट मामला सोशल मीडिया पर मचा हंगामा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मोदीनगर में बदमाशों ने दरोगा का मोबाइल लूट लिया। विरोध पर मारपीट करके घायल कर दिया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। भोजपुर थाने में तैनात दरोगा शीलचंद थाने परिसर में ही रहते हैं।। वह गांव भोजपुर के हल्का प्रभारी है। बताया जा रहा है कि रात करीब 9 बजे शीलचंद खाना खाने मोदीनगर हापुड़ मार्ग पर ढाबे पर जा रहे थे। जब वह बीच रास्ते पर पहुंचे तो बाइक सवार युवकों ने उन्हें घेर लिया और हथियार के बल पर लूट का प्रयास करने लगे। इस दौरान दरोगा बदमाशों से भिड़ गए। लेकिन 4 बदमाशों ने उनकी पिटाई करके मोबाइल लूट लिया। दरोगा से लूट की घटना से पुलिस में हड़कंप मच



गया। पुलिस ने आसपास के जंगल में रातभर कांबिंग की,लेकिन बदमाशों का सुराग नहीं लगा। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय का कहना है कि दरोगा की तहरीर पर लूट का केस दर्ज कर लिया गया है। घटना के खुलासे के लिए तीन टीमें गठित की गई है। सीसीटीवी फुटेज और अन्य माध्यमों से अहम सुराग हाथ लगे है।

# जब सपा युवजन सभा अध्यक्ष ने भाजपा के अध्यक्ष पर किया कटाक्ष

## सोशल मीडिया पर लिखा पुलिस ने किया गिरफ्तार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम:** राजनीति में पक्ष और विपक्ष एक दूसरे पर कटाक्ष करने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। वहीं और जब मामला सत्ता वाले दल से जुड़ा हो तो विपक्ष पूरी ताकत छोंक देता है। कोई भी मामला हो विरोधियों पर सवाल उठाए जाते हैं। गुरुवार को इंदिरापुरम थाने में भाजपा के खोड़ा मंडल अध्यक्ष पर की गई गैंगस्टर एक्ट में गिरफ्तारी को लेकर विपक्ष वालों ने भी सवाल दाग दिए हैं। जिसमें समाजवादी पार्टी के युवजन सभा अध्यक्ष ने सोशल मीडिया पर लिखा कि भाजपा मंडल अध्यक्ष को पुलिस गिरफ्तार कर रही है और बीजेपी वाले अपनी ही पार्टी के खिलाफ थाने में घेराव कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर यह पोस्ट आई तो इस पर कमेंट और इमोजी बनाने का सिलसिला शुरू हो गया। बताया जा रहा है कि गुरुवार को इंदिरापुरम थाने पर भाजपा के मंडल से




लेकर विधानसभा स्तर के नेताओं का विरोध प्रदर्शन और हंगामे वाला दौर चला है, जिसकी सोशल मीडिया पर भी चुटकी ली जा रही है।

### विपक्ष नहीं छोड़ रहा उंगली उठाने का मौका

**करंट क्राइम :** गुरुवार को भाजपा के खोड़ा मंडल अध्यक्ष की गिरफ्तारी का मामला राजनीति में कई तरीके की चर्चा शुरू कर रहा है। तो वहीं विपक्ष भी भाजपा वाले इस कांड को लेकर भगवा दल वालों पर उंगली उठाने से गुरेज नहीं कर रहे हैं। वही इंदिरापुरम थाने में संगठन वालों की भी मौजूदगी ने कई सवाल उठाए हैं। समाजवादी वाले यह भी कह रहे हैं कि अपनी ही सरकार में अपनी पुलिस और अधिकारियों के खिलाफ भगवा दल वालों को बैठना पड़ रहा है यह भी हैरान करने वाली बात है।

# निराश्रितों के लिए निगम का अलाव बना संजीवनी

## नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने दिए अलाव व्यवस्था बढ़ाने के निर्देश







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बढ़ती ठंड को देखते हुए अलाव व्यवस्था बढ़ाने के लिए विभाग को निर्देशित किया है। आश्रय स्थलों के साथ-साथ अन्य ऐसे स्थान जहां आवागमन बना रहता है ठंड की वजह से लोग एकत्र रहते हैं चिन्हित करते हुए अलाव की व्यवस्था कराई गई है। प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज द्वारा बताया गया पांचों जोन में सूखी लकड़ियां नियमित सभी आश्रय स्थलों पर पहुंचाई जा रही हैं। बढ़ती ठंड को देखते हुए 91 से बढ़ाकर 100 के पार पहुंची निगम की अलाव व्यवस्था : नगर आयुक्त के निर्देशानुसार अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी अलाव की व्यवस्था कराई गई है। लगभग 91 स्थान पर पिछले 10 दिन बढ़ती ठंड को देखते हुए अलाव की व्यवस्था बढ़ाई गई है। रेलवे स्टेशन, पुराना बस अड्डा, नया बस अड्डा, अस्पताल के बाहर, बैंकों के बाहर, प्रमुख चौराहों के पास, मेट्रो स्टेशन के बाहर, धार्मिक स्थलों के बाहर, व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर ठंड से बचाव के लिए अलाव उपलब्ध कराई जा रही है। निराश्रितों के लिए अलाव की व्यवस्था ठंड से काफी राहत दे रही है। नगर आयुक्त ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा इस बार उद्यान विभाग की एकत्र की हुई लकड़ी का इस्तेमाल अलाव की व्यवस्था में किया गया है। बाहर से लकड़ी खरीदी नहीं गई है जिससे लगभग 25 से 30 लाख की बचत निगम को हुई है। वर्तमान में 91 स्थान से बढ़ाकर 100 स्थान पर अलाव निराश्रितों हेतु जलाया जा रहा है। आश्रय स्थलों में हीटर की व्यवस्था कराई गई है, इसके अलावा आवश्यकता पड़ने पर अलाव हेतु स्थलों को बढ़ाया भी जा सकता है।

## संपादकीय

# अंतरिक्ष में भारत ने लगाई लंबी छलांग

अंतरिक्ष में भारत ने नई छलांग लगाई है। भारतीय अंतरिक्ष मिशन (इसरो) के स्पैडेक्स मिशन की शानदार कामयाबी ने उसे अमेरिका, रूस और चीन की कतार में खड़ा कर दिया है। यह हमारे वैज्ञानिकों के सतत अनुसंधान और उनकी मेधा का प्रतिफल है कि हम आने वाले समय में चांद पर इंसान भेजने का सपना साकार कर पाएंगे। फिलहाल भारत ने दो यानों को अलग करने के बाद उन्हें पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित कर सभी को चौंका दिया है। इसरो का यह महत्त्वाकांक्षी मिशन था। भारत हासिल करेगा बड़ी सफलता आगामी सात जनवरी को इस मिशन के तहत जब इन यानों को जोड़ा जाएगा, तब भारत तीन बड़े देशों के बाद यह क्षमता हासिल करने वाला चौथा देश बन जाएगा। गौर करने की बात है कि एक समय हमारा अंतरिक्ष कार्यक्रम उपग्रहों को ऊपर ले जाने तक सीमित था। जैसे-जैसे भारत अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में महारत हासिल करता गया, उसके अंतरिक्ष अभियानों को नए क्षितिज मिलते गए। कोई दो मत नहीं कि स्पैडेक्स मिशन की कामयाबी ने देश के अंतरिक्ष कार्यक्रम को निर्णायक मोड़ पर पहुंचा दिया है। उम्मीद है कि 2035 तक भारत भी अंतरिक्ष में अपना केंद्र स्थापित कर लेगा। अंतरिक्ष यानों को अलग कर लेने और फिर जोड़ लेने के बाद अंतरिक्ष अन्वेषण में नई राहें खुलेंगी।

इसरो का शुक्रयान मिशन पर चल रहा काम इसरो के इस मिशन की सफलता इसलिए भी महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि भारत शुक्रयान मिशन पर भी काम करना चाहता है, वहीं वह गगनयान मिशन की तैयारी में पहले से जुटा है। अंतरिक्ष यात्रियों को ले जाना और फिर वापस सुरक्षित लाना इसका मुख्य उद्देश्य है। अभी तक दुनिया के तीन देश ही ऐसा कर पाए हैं। वैसे भी 2040 तक चंद्रमा पर मानव भेजने की हमारी महत्त्वाकांक्षी योजना है।

इस लिहाज से देखें, तो इसरो की नई सफलता ने हमारे लिए कई नए दरवाजे खोल दिए हैं। अंतरिक्ष में भारत की उपस्थिति अब और मजबूती से दर्ज होगी। श्रीहरिकोटा से 99वें प्रक्षेपण के बाद हमें अगले अभियान पर भी गर्व होना चाहिए, क्योंकि नववर्ष की शुरूआत में इसरो का सौवां प्रक्षेपण भारत को अंतरिक्ष में नई ऊंचाई पर ले जाएगा। यह उसके सपनों और संकल्प की नई उड़ान भी है, जिन्हें जल्द साकार होते पूरी दुनिया देखेगी।

# अप्रैल-दिसंबर में जीडीपी संग्रह बढ़कर हुआ 16.33 लाख करोड़

**नई दिल्ली।** दिसंबर में घरेलू लेनदेन से जीएसटी संग्रह 8.4 फीसदी बढ़कर 1.32 लाख करोड़ पहुंच गया। आयात से कर राजस्व भी चार फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 44,268 करोड़ रहा। पिछले माह कुल 22,490 करोड़ का रिफंड जारी किया गया, जो 31 फीसदी अधिक है। इस आधार पर शुद्ध जीएसटी संग्रह 3.3 फीसदी की बढ़त के साथ 1.54 लाख करोड़ रहा। मजबूत आर्थिक और कारोबारी गतिविधियों के दम पर घरेलू लेनदेन बढ़ने से जीएसटी संग्रह में तेजी का सिलसिला जारी है। चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीने (अप्रैल-दिसंबर) में जीएसटी संग्रह सालाना आधार पर 9.09 फीसदी की मजबूत वृद्धि के साथ 16.33 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। 2023-24 की समान अवधि में संग्रह 14.97 लाख करोड़ रुपये रहा था। सरकार के बुधवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह में औसत मासिक जीएसटी संग्रह भी बढ़कर 1.81 लाख करोड़ से अधिक पहुंच गया।




2023-24 के पहले नौ माह में औसत मासिक कर संग्रह 1.66 लाख करोड़ रहा था। आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर में घरेलू लेनदेन से जीएसटी संग्रह 8.4 फीसदी बढ़कर 1.32 लाख करोड़ पहुंच गया। आयात से कर राजस्व भी चार फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 44,268 करोड़ रहा। पिछले माह कुल 22,490 करोड़ का रिफंड जारी किया गया, जो 31 फीसदी अधिक है। इस आधार पर शुद्ध जीएसटी संग्रह 3.3 फीसदी की बढ़त के साथ 1.54 लाख करोड़ रहा।

# दिसंबर 2024 में बढ़ी भारत की बिजली खपत, 6 प्रतिशत का उछाल दर्ज

**नई दिल्ली।** भारत में बीते साल के आखिरी महीने में बिजली खपत को लेकर वृद्धि दर्ज हुई है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर 2024 में देश की बिजली खपत बढ़कर 130.40 बिलियन यूनिट (बीयू) हो गई, जो कि एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में करीब 6 प्रतिशत की वृद्धि है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, ठीक एक साल पहले दिसंबर 2023 में भारत की बिजली की खपत 123.17 बीयू थी। एक दिन में सबसे अधिक आपूर्ति (बिजली की अधिकतम मांग पूरी) भी दिसंबर 2024 में बढ़कर 224.16 गीगावाट हो गई, जो एक वर्ष पहले इसी अवधि में 213.62 गीगावाट थी। इससे पहले महीने नवंबर 2024 में देश की बिजली खपत 5.14 प्रतिशत बढ़कर 125.44 अरब यूनिट्स (बीयू) रही। पिछले साल समान अवधि में यह आंकड़ा 119.30 बीयू था। इसके अलावा, सरकार ने हाल ही में कहा कि भारत ने चालू वित्त वर्ष के दौरान 250 गीगावाट की सर्वकालिक अधिकतम बिजली मांग को सफलतापूर्वक पूरा किया है, क्योंकि राष्ट्रीय स्तर पर ऊर्जा की कमी घटकर मात्र 0.1 प्रतिशत रह गई है।



विद्युत मंत्रालय के अनुसार, जनरेशन और ट्रांसमिशन क्षमता में शानदार वृद्धि के कारण, वित्त वर्ष 2024-25 में राष्ट्रीय स्तर पर ऊर्जा की कमी घटकर 0.1 प्रतिशत रह गई है, जो वित्त वर्ष 2013-14 में 4.2 प्रतिशत से काफी बेहतर है। वर्ष के अंत में अपनी समीक्षा में मंत्रालय ने कहा कि देश में प्रति व्यक्ति बिजली की खपत 2023-24 में बढ़कर 1,395 किलोवाट घंटा हो गई है, जो 2013-14 में 957 किलोवाट घंटा से 45.8 प्रतिशत वृद्धि (438 किलोवाट घंटा) है। मंत्रालय ने बताया कि देश भर के गांव और हर घर में बिजली पहुंचाई गई है, जो भारत के बिजली क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की औसत उपलब्धता 2014 में 12.5 घंटे से बढ़कर 21.9 घंटे हो गई है।

# भारत का कोयला उत्पादन दिसंबर 2024 में बढ़कर 97.94 मिलियन टन

**नई दिल्ली।** कोयला मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, भारत का कुल कोयला उत्पादन दिसंबर 2024 के दौरान 5.33 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज करते हुए 97.94 मिलियन टन (एमटी) पर पहुंच गया, जबकि पिछले साल इसी महीने यह 92.98 एमटी था। कैप्टिव और दूसरी खदानों ने 18.95 एमटी उत्पादन किया, जो पिछले साल की इसी अवधि में 14.62 एमटी की तुलना में 29.61 प्रतिशत की शानदार वृद्धि को दशार्ता है। बयान में कहा गया है कि 24 दिसंबर तक क्यूमलेटिव कोयला उत्पादन में भी शानदार वृद्धि देखी गई, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 726.29 एमटी तक पहुंच गया, जबकि यह वित्त वर्ष 2023-24 की इसी अवधि के दौरान 684.45 एमटी था, जो 6.11 की वृद्धि दशार्ता है। कोयला डिस्पैच के मामले में, 24 दिसंबर के आंकड़े बढ़कर 92.59 मीट्रिक टन हो गए, जबकि दिसंबर 2023 में यह 87.06 मीट्रिक टन था, जो 6.36 प्रतिशत की वृद्धि दर है।



कैप्टिव और दूसरे खदानों से डिस्पैच 18.13 मीट्रिक टन रहा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 31.83 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है। इसके अतिरिक्त, दिसंबर 2024 तक क्यूमलेटिव कोयला डिस्पैच वित्त वर्ष 2024-25 में 750.75 मीट्रिक टन तक पहुंच गया, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में यह 711.07 मीट्रिक टन था, जो 5.58 प्रतिशत की शानदार वृद्धि दशार्ता है। कोयला मंत्रालय ने कहा कि वह उत्पादन बढ़ाने और देश की बढ़ती ऊर्जा मांगों को पूरा करने के उद्देश्य से काम कर रहा है। कोयला उत्पादन और डिस्पैच में लगातार वृद्धि से कोयले में आत्मनिर्भरता हासिल करने और आत्मनिर्भर भारत के विजन को पूरा करने में मदद मिलेगी। घरेलू उत्पादन में वृद्धि के कारण वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-अक्टूबर अवधि के दौरान भारत का कोयला आयात 3.1 प्रतिशत घटकर 149.39 मिलियन टन (एमटी) रह गया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 154.17 मीट्रिक टन था। कोयला मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि अप्रैल 2024 से अक्टूबर 2024 तक कोयला आधारित बिजली उत्पादन में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 3.87 प्रतिशत की शानदार वृद्धि हुई है

# भारतीय शेयर बाजार ने नए साल का किया भव्य स्वागत

## सेंसेक्स ने 1,436 अंक की लगाई छलांग

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार ने गुरुवार को सुस्त शुरूआत के बाद नए साल 2025 का जोरदार स्वागत किया। दिसंबर में कारों की बिक्री के मजबूत आंकड़ों के चलते ऑटो शेयरों में बंपर तेजी रही। निफ्टी ऑटो इंडेक्स में 3.79 फीसदी की तेजी आई। सेंसेक्स 1,436.30 अंक या 1.83 प्रतिशत की तेजी के साथ 79,943.71 पर बंद हुआ और निफ्टी 445.75 अंक या 1.88 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,188.65 पर बंद हुआ। सेंसेक्स जबरदस्त उछाल के साथ दिन के उच्चतम स्तर 80,032.87 पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी 24,226.70 पर दिन के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। निफ्टी बैंक 544.95 अंक या 1.07 प्रतिशत की तेजी के साथ 51,605.55 पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 657.30 अंक या 1.14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 58,108.20 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 120.55 अंक यानी 0.64 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,080.35 पर बंद हुआ।




बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 2,400 शेयर हरे निशान और 1,571 शेयर लाल निशान में बंद हुए, जबकि 115 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सेक्टोरल फ्रंट पर, एनएसई में ऑटो, आईटी, कंजम्पशन, फाइनेंशियल सर्विस, एफएमसीजी और रियलिटी सेक्टर में भारी खरीदारी देखी गई। बाजार के जानकारों के अनुसार, अगले सप्ताह से शुरू होने वाले आगामी आय सत्र के बारे में आशावाद से प्रेरित होकर घरेलू बाजार में तेजी देखी गई। यह तेजी व्यापक आधार पर थी, जिसमें लगभग सभी सेक्टोरल इंडेक्स में बढ़त दर्ज की गई। उन्होंने बताया, ₹ऑटो सेक्टर ने सबसे ज्यादा बढ़त दिखाई, जिसमें दिसंबर में बिक्री में वृद्धि से सबसे ज्यादा तेजी देखने को मिली, जो आमतौर पर कम मांग के बावजूद रही। बैंकिंग और आईटी शेयरों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया, क्योंकि अर्थव्यवस्था दूसरी तिमाही में निचले स्तर पर पहुंच गई। सेंसेक्स पैक में बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, मारुति सुजुकी, टाइटन, एमएंडएम, इंफोसिस, एचसीएलटेक, जोमैटो, अल्ट्राटेक सीमेंट, कोटक महिंद्रा बैंक और इंडसइंड बैंक टॉप गेनर्स थे। केवल सन फार्मा ही टॉप लूजर्स की लिस्ट में रहा। एफआईआई ने 1 जनवरी को 1,782.71 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 1,690.37 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

## रोचक तथ्यों का करंट

- साँप हर साल 10,000 लोगों को मारते हैं।
- एक चींटी विद्रोह से सावधान रहें! दुनिया में हर इंसान के लिए दस लाख चींटियां हैं। ये लचीले प्राणी कभी भी सोते नहीं हैं और इनके फेफड़े भी नहीं होते हैं।
- तितलियों में दो मिश्रित आँखें हैं जिनमें हजारों लेंस होते हैं, फिर भी वे लाल, हरे और पीले रंगों को देख सकती हैं।
- क्या आपको पता है, शुतुरमुर्ग की ठोकर एक मानव को मार सकती है। एक ऑक्टोपस के तीन दिल होते हैं।
- सींग वाली छिपकलियां खुद को बचाने के लिए अपनी आँखों से बाहर खून फेंक सकतीं हैं।
- हाथी केवल प्रत्येक दिन 2 से 3 घंटे सोते हैं।
- डॉलफिन एक समय में अपने मस्तिष्क के आधे हिस्से के साथ सोते हुए 15 दिनों या उससे अधिक समय तक सक्रिय रह सकते हैं।
- चीन अध्ययन जो की 20 साल का अध्ययन था, जिसमें मांस खाने वालों और पौधों के खाने वालों की मृत्यु दर की तुलना की गई थी। उन्होंने पाया कि जिन देशों ने अधिक पशु-आधारित भोजन खाया है, वे पश्चिमी बीमारियों से अधिक मृत्यु दर की संभावना रखते हैं।

## राशिफल

**मेष:** आज आपकी सेहत पहले से ज्यादा अच्छी रहेगी। पार्टनर को आपकी मदद से फायदा हो सकता है। प्रेमी से कोई गिफ्ट मिल सकता है।

**वृष:** आशावादी बनें और अपने उजले पक्ष को देखें। आपका विश्वास और उम्मीद आपकी इच्छाओं व आशाओं के लिए नए दरवाजे खोल सकती हैं।

**मिथुन:** अपने कॉन्टैक्ट मजबूत करने का समय है। आज शांत रहें। अपने तन और मन पर ध्यान दें। जहां तक हो सके व्यावहारिक रहें।

**कर्क:** घर और संपत्ति से जुडे.कार्यों में संभलकर चलने की सलाह है। आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नए काम या जिम्मेदारियां मिलने की संभावनाएं हैं।

**सिंह:** लाभ लेने के लिए बड़ों को अपनी अतिरिक्त ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग करना चाहिए। अच्छा पैसा बना सकते हैं, बशर्ते आप पारंपरिक तौर पर निवेश करें।

**कन्या:** किसी नए काम की शुरूआत हो सकती है। ऐसा भी हो सकता है कि पुराने रुके काम फिर से शुरू हो जाए। ऑफिस में एक्स्ट्रा जिम्मेदारी मिल सकती है।

**तुला:** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आपको नये लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए। किसी भी काम में बड़ों की सलाह लेना बेहतर होगा।

**वृश्चिक:** माता-पिता की मदद से आर्थिक तंगी से बाहर निकलने में कामयाब रहेंगे। आप को दूसरों को ठेस पहुंचाने जैसी बातों से दूर रहना चाहिए।

**धनु:** आपका व्यक्तित्व आज इत्र की तरह महकेगा और सबको आकर्षित करेगा। भागीदारी वाले व्यवसायों और चालाकी भरी आर्थिक योजनाओं में निवेश न करें।

**मकर:** कुछ रोचक और नए अवसर आज आपको मिल सकते हैं। आपकी ही राशि में चंद्रमा रहेगा। नई शुरूआत करनी होगी। आत्मविश्वास से काम करें।

**कुंभ:** आज आप लोगों को अपनी योजनाओं से सहमत कर लेंगे। आपको सबका पूरा साथ मिलेगा। ऑफिस में सीनियर्स आपके काम को देखकर खुश होंगे।

**मीन:** कारोबार में वृद्धि के योग बन रहे हैं जिससे खूब धन लाभ होगा। रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम करना होगा।

## चुटकुले

रमेश, सुरेश से - जब घरवाले मुझपर गुस्सा करते हैं,
तो मैं सबसे पहले...
अपना मोबाइल साइड में रख देता हूं,
कहीं छीन न लें।

---

साइकिल वाले ने एक आदमी को टक्कर मार दी और बोला भाईसाहब आप बहुत किस्मत वाले हो।
आदमी- एक तो तूने मुझे टक्कर मारी और ऊपर से मुझे किस्मत वाला कह रहे हो?
साइकिल वाला- आज छुट्टी है तो साइकिल चला रहा हूं नहीं तो मैं ट्रक चलाता हूं।

---

डॉक्टर- यह सब कैसे हुआ?
घायल मरीज- एक लड़की ने मेरी टांग पर गाड़ी चढ़ा दी।
डॉक्टर- सड़क से दूर, फुटपाथ पर चलना चाहिए था ना।
घायल मरीज- मैं तो गार्डन में लेटा हुआ था।

## करंट क्राइम

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

03 01 2025 आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन



निक्की गलरानी
अभिनेत्री

अर्नव गोस्वामी, पूजा मल्होत्रा, सिंह वंदना, अजय प्रमुख, अभिषेक त्यागी, आनंद चौधरी, आरिफ मलिक, डा. रोहित कुमार, प्रवीण कुमार कौशिक, मुकेश मित्तल, रवि समानिया, मोहसिन सुल्तान, पवन शर्मा, गुरदीप सिंह, श्याम पवन, सुभाष कसाना, विपिन गुर्जर, राजू श्रीवास्तव, तौहिद आलम, बालकिशन प्रजापति, इंतजार अली, आशीष गौड़, ललित कौशिक, अमित त्यागी, फुरकान कुरैशी, गोलू सिंह

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
**Email : currentcrimenews@gmail.com**

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364


सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)



# जोकोविच जबरदस्त जीत के साथ ब्रिस्बेन के क्वार्टर फाइनल में

**ब्रिस्बेन ।** नोवाक जोकोविच ने पैट राफ्टर एरिना में ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के दूसरे दौर में 6-3, 6-3 की शानदार जीत के साथ गाएल मोंफिल्स के खिलाफ अपने हेड-टू-हेड रिकॉर्ड को 20-0 तक पहुंचा दिया।

अपने हेड-टू-हेड रिकॉर्ड के बावजूद, जोकोविच ने मोंफिल्स के लिए गहरी प्रशंसा व्यक्त की, जिनसे उनका पहली बार जूनियर के रूप में सामना हुआ था।

जोकोविच ने कहा, हम कई सालों से खेल रहे हैं। मैं मोंफिल्स को तब से जानता हूं, जब मैं 15 साल का था।वह पिछले कई सालों से हमारे खेल में सबसे बेहतरीन, अगर सबसे बेहतरीन नहीं तो, एथलीटों में से एक है। अविश्वसनीय लचीलापन, चपलता और गति।

वह देखने में बहुत शानदार खिलाड़ी है और एक बेहतरीन चरित्र है, जो दुनिया भर के प्रशंसकों को आकर्षित करता है। उसके लिए बहुत सम्मान है, और उम्मीद है कि हम दोनों रिटायर होने से पहले और खेल सकेंगे।

उनका पहला मुकाबला 2005 के यूएस ओपन में हुआ था, जब जोकोविच ने मोंफिल्स के खिलाफ अपनी पहली जीत दर्ज की थी। लगभग दो दशक बाद, सर्बियाई दिग्गज इतिहास रचने की कगार पर हैं, उनका लक्ष्य जिमी कोनर्स (109) और रोजर फेडरर (103) के बाद 100 टूर-स्तरीय खिताब जीतने वाला केवल तीसरा पुरुष खिलाड़ी बनना है।

जोकोविच ने अपने ब्रिस्बेन अभियान की शुरूआत उद्देश्यपूर्ण तरीके से की है, पहले दौर में रिंकी हिजिकाटा को ध्वस्त किया और मोंफिल्स के खिलाफ अपनी ट्रेडमार्क स्थिरता का प्रदर्शन किया। 37 वर्षीय खिलाड़ी ने 72 मिनट के मुकाबले के दौरान तीन बार मोंफिल्स की सर्विस तोड़ी और अपने प्रतिद्वंद्वी को कभी भी शांत नहीं होने दिया। इस जीत ने फ्रांसीसी खिलाड़ियों के खिलाफ जोकोविच की जीत की लकीर को 27 मैचों तक बढ़ा दिया, जिसमें 2018 में मियामी में बेनोइट पैरे के खिलाफ फ्रांसीसी खिलाड़ी से उनकी आखिरी हार थी।

अपनी ब्रिस्बेन यात्रा में एक व्यक्तिगत स्पर्श जोड़ते हुए, जोकोविच ने खुलासा किया कि उनके बच्चे, स्टीफन और तारा पहली बार उनके साथ ऑस्ट्रेलिया गए हैं। उनकी मौजूदगी ने उनके ऑस्ट्रेलिया दौरे को और भी खुशनुमा बना दिया है।

जोकोविच ने बताया, मेरे बच्चों ने मुझे दो अलग-अलग तरह के जश्न मनाने के लिए कहा है। मेरी बेटी ने मुझसे कहा कि अगर मैं जीत जाऊं तो वायलिन बजाना जारी रखूं। मेरे बेटे ने मुझे सैक्सोफोन बजाने के लिए कहा है, इसलिए मैं दोनों को शामिल करने की कोशिश करता हूं। उनका यहां होना खास है - इससे मेरा दिल भर जाता है और मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेलने में मदद मिलती है।

# विराट कोहली के पास अपने पुराने तेवर दिखाने का आखिरी मौका

**सिडनी ।** बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का शुक्रवार से सिडनी में शुरू होने वाला पांचवां और आखिरी टेस्ट स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के लिए अपने पुराने तेवर दिखाने का आखिरी मौका होगा। अब तक सुपर फ्लॉप रहे कोहली को सिडनी में बड़ा स्कोर बनाकर दिखाना होगा कि उनमें अभी दमखम बाकी है।

पहले ऐसा प्रतीत हो रहा था जैसे बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में दो विराट कोहली हिस्सा ले रहे हैं और इसमें गलती खुद उनकी ही है। छह वर्ष पहले जब वह यहां आए थे तब उन्होंने एक ऐसा शतक लगाया था जिसे घर के बाहर किसी बल्लेबाज द्वारा लगाए गए सबसे बेहतरीन शतक की संज्ञा दी जा सकती है। 2018 में पर्थ में खेली गई उनकी पारी यह विश्वास दिलाने के लिए पर्याप्त थी कि जब तक वह क्रीज पर हैं, तब कुछ भी संभव है।

यहां तक कि 2024 की शुरूआत भी उनके लिए काफी बेहतर हुई थी।



कोहली ने ऐसी पिच पर 46 रन बनाए थे जहां दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम 55 पर सिमट गई थी। कोहली के सामने जितनी ही बड़ी चुनौती आई वह उतनी ही रफ़्तार के साथ उससे पार पाने में सफल रहे। हर टीम को ऐसे खिलाड़ी की जरूरत होती है। मौजूदा दौरे पर कोहली सभी छह बार ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद को छेड़ने के दौरान आउट हुए हैं।

पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने ईएसपीएन क्रिकइंफो से कहा, ₹अब समय आ गया है जब उन्हें ना सिर्फ.रन बनाने होंगे बल्कि इस समस्या से निकलने के लिए उन्हें आउट होने का कोई दूसरा तरीका भी ढूंढना होगा। मैंने अब तक ऐसा खिलाड़ी नहीं देखा है जिसका टेस्ट क्रिकेट पर कोहली जितना इम्पैक्ट हो और उसके साथ यह कमजोरी हो। मुझे नहीं लगता कि किसी शीर्ष क्रम के बल्लेबाज के साथ ऐसी कोई कमजोर कड़ी रही हो। हां ऐसा हो चुका है कि कई बार खिलाड़ी एक ही तरह से आउट हुए हैं लेकिन कोहली के संदर्भ में यह काफी समय से घटित हो रहा है।

# दूसरे बच्चे के जन्म के कारण श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट मैच से बाहर रह सकते हैं कमिंस

**सिडनी ।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने संकेत दिया है कि वह अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण इस महीने के अंत में श्रीलंका के खिलाफ होने वाले टेस्ट मैच से बाहर रह सकते हैं।

सिडनी में भारत के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के समापन के बाद, ऑस्ट्रेलिया 29 जनवरी से दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने के लिए श्रीलंका का दौरा करेगा। यह कार्यक्रम कमिंस के अपनी पत्नी बेकी के साथ दूसरे बच्चे के जन्म की अपेक्षित तिथियों से मेल खाता है।

शुक्रवार को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर शुरू होने वाले पिंक टेस्ट से पहले कमिंस ने गुरुवार को 'द डेली टेलीग्राफ' से कहा, ₹दिन की सटीक योजना बनाना काफी कठिन है, लेकिन



निश्चित रूप से (मैं श्रीलंका दौरे से बाहर रह सकता हूं)।

कमिंस की अनुपस्थिति में, ऑस्ट्रेलिया की कमान स्टीव स्मिथ या ट्रैविस हेड संभालेंगे। कमिंस ने बताया कि पिछले साल उनकी मां के निधन ने उनकी प्राथमिकताओं को गहराई से बदल दिया। पेसर ने भारत दौरे को बीच में ही उनके अंतिम दिनों में उनके साथ रहने के लिए छोड़ दिया था।

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने कहा, कुछ मायनों में, यह वास्तव में आपको उस चीज पर ध्यान केंद्रित करने में मदद करता है जो मुझे लगता है कि महत्वपूर्ण है। यह परिवार है, यह आनंद है, यह जीवन में खुशी खोजने की कोशिश है और मुझे लगता है कि जिस तरह से मैंने खेलने और दौरे करने का तरीका अपनाया है, उसमें यह थोड़ा बदलाव है और इसने मुझे वास्तव में अव्यवस्था को दूर करने की मानसिकता दी है।

कमिंस ने कहा,₹जब आप बाहर जाते हैं, तो आप बस अच्छा खेलना चाहते हैं, और निश्चित रूप से, दबाव होगा, लेकिन आप यह नहीं भूलना चाहते कि माँ और पिताजी हर बार जब हम बच्चे के रूप में खेलने जाते थे, तो हमसे क्या कहते थे: 'जाओ और इसका आनंद लो। अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करो, लेकिन सुनिश्चित करो कि तुम इसका आनंद लो।' मैं हर बार जब मैं किसी दौरे या खेल पर जाता हूं।

# कॉन्स्टास लंबे समय तक टीम के लिए खेलने वाले खिलाड़ी बनने जा रहे हैं: एलेन बॉर्डर

**नई दिल्ली ।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान एलेन बॉर्डर का मानना है कि युवा सलामी बल्लेबाज सैम कॉन्स्टास में राष्ट्रीय टीम के लिए लंबे समय तक खेलने वाले खिलाड़ी बनने के सभी गुण हैं और उन्होंने मेलबर्न में जसप्रीत बुमराह के खिलाफ अपने शानदार शॉट्स की तुलना इयान बॉथम द्वारा मेजबान टीम के गेंदबाजों पर लगाए जाने वाले शॉट्स से की।



कॉन्स्टास ने एमसीजी में बॉक्सिंग डे टेस्ट में डेब्यू करते हुए 65 गेंदों पर 60 रन बनाए और मैच के शुरूआती दौर में बुमराह की गेंद पर स्कूप लगाकर सभी को रोमांचित कर दिया। हालांकि बुमराह ने उन्हें दूसरी पारी में आउट कर दिया, लेकिन कॉन्स्टास ने ऑस्ट्रेलिया में सभी को इस बात के लिए उत्साहित कर दिया है कि भविष्य में वह किस तरह के खिलाड़ी बन सकते हैं।

अगर आप पहले दिन को देखें, तो भारत के पास वास्तव में कोई जवाब नहीं था। अचानक उन्होंने उन्हें मौका दिया और उनके पास उस बल्लेबाजी का कोई जवाब नहीं था। परंपरागत रूप से आप नई गेंद के लिए फील्ड तैयार रखते हैं, तो आप क्या करते हैं? आप फील्ड को फैलाना शुरू करते हैं।

इयान बॉथम जैसे किसी खिलाड़ी के साथ ऐसा होने के बाद - वह हर समय ऐसा नहीं करता था, लेकिन कभी-कभी वह इसे हिट करना शुरू कर देता था - इसे सही करना बहुत मुश्किल है।

# यह रोहित को तय करना है कि उन्हें खेलना है या नहीं: मदन लाल

**नई दिल्ली ।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के खराब फॉर्म के बाद टीम में उनकी जगह को लेकर काफी चर्चा के बीच, पूर्व भारतीय क्रिकेटर मदन लाल ने कहा कि टीम प्रबंधन और कोच बैठकर इस तरह की चीजों को सुलझा सकते हैं और उन्होंने जोर देकर कहा कि यह कप्तान का फैसला है कि वह खेलना चाहते हैं या नहीं। मशविरा करना होगा, है न? टीम अकेले कप्तान से नहीं बनती, है न? कोच और कप्तान मिलकर टीम बनाते हैं, है न?

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के सिडनी टेस्ट से पहले, भारत के कोच गौतम गंभीर ने भी एससीजी प्रेस कॉन्फ्रेंस में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के अंतिम टेस्ट मैच के लिए



रोहित, जो पर्थ में श्रृंखला का पहला टेस्ट मैच जीतने वाली टीम के सदस्य नहीं थे, फॉर्म के लिए संघर्ष कर रहे हैं। दूसरे टेस्ट से टीम में वापसी के बाद से, उन्होंने सिर्फ 6.20 की औसत से 31 रन बनाए हैं। कप्तान अपने पिछले नौ टेस्ट मैचों में 10.93 की औसत से खेल रहे हैं, जिससे टीम के साथ उनके भविष्य को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं।

मदन लाल ने 'आईएएनएस' से कहा, रोहित कप्तान हैं। टीम प्रबंधन और कोच के तौर पर वे बैठकर चीजों को सुलझा सकते हैं। जब आप देश के लिए खेल रहे हों तो क्या समस्या है? कोच के पास किसी को बाहर करने का इतना अधिकार नहीं है। उन्हें सलाह-रोहित के चयन की पुष्टि नहीं की। उन्होंने कहा कि मैच के दिन पिच को देखने के बाद प्लेइंग इलेवन में रोहित की जगह तय की जाएगी।

मदन लाल ने कहा, रोहित को फैसला लेना है कि खेलना है या नहीं। अगर उन्हें लगता है कि वे अपना काम कर सकते हैं और अपनी फॉर्म वापस पा सकते हैं, तो यह अच्छा है। यह इस बारे में है कि आप कैसा महसूस करते हैं, आपका आत्मविश्वास कैसा है। अगर उन्हें लगता है कि वे अपना काम ठीक से नहीं कर पा रहे हैं, तो वे हमेशा एक तरफ हट सकते हैं और दूसरों को मौका दे सकते हैं। केवल एक चीज यह है कि बल्लेबाजी क्रम में फेरबदल थोड़ा मुद्दा है।

# सिडनी टेस्ट में रोहित शर्मा के चयन पर हेड कोच गौतम गंभीर ने दी अपडेट

**सिडनी ।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर होने वाले बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के आखिरी टेस्ट में रोहित शर्मा के खेलने की पुष्टि नहीं की। उन्होंने कहा कि कप्तान रोहित की जगह प्लेइंग इलेवन में होगी या नहीं, यह मैच वाले दिन पिच देखकर तय किया जाएगा।



रोहित शर्मा इस सीरीज में खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। पांच मैचों की सीरीज में भारतीय टीम 1-2 से पिछड़ी हुई है। नियमित कप्तान रोहित पर्थ में हुए मैच में अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण नहीं खेले थे।

# विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का आखरी दांव खेलने उतरेगी टीम इंडिया (प्रीव्यू)

**सिडनी ।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में सिडनी में शुक्रवार से होने वाले पांचवें और आखिरी टेस्ट से यह तय होगा कि भारत इस साल जून में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की दौड़ में बना रहेगा या नहीं। भारत यह टेस्ट जीतकर फाइनल की दौड़ में बना रहेगा, लेकिन अगर वह यह टेस्ट हारता है तो भारत इस दौड़ से बाहर हो जाएगा।

जिस खिलाड़ी को ऊपर आने के लिए बाहर किया गया था, वह शुभमन गिल नेट्स पर जल्दी ही आ गए थे, और ध्रुव जुरेल जो पहले प्लेइंग इलेवन के साथ ट्रेनिंग नहीं कर रहे थे, वह आखिरी खिलाड़ी थे। अगर यह संकेत है कि वे प्लेइंग इलेवन में शामिल हो सकते हैं, तो जो खिलाड़ी अभी प्लेइंग इलेवन में है, उसे बाहर होना पड़ सकता है। तो क्या रोहित बाहर जा रहे हैं?

भारत पहली पारी में रन बनाने के लिए संघर्ष करता दिखा है। उनकी




22.40 की औसत एक सीजन में उनका सातवां सबसे कम है। हालांकि सिडनी एक ऐसी जगह है जहां उन्हें मजा आ सकता है। सिडनी का मैदान अब बल्लेबाजी के मुफीद नहीं रह गया है, जैसा पहले हुआ करता था जब भारत ने 2003 में 705 रन बनाकर पारी घोषित की थी। लेकिन यहां पर अभी भी 34.85 का गेंदबाजी औसत है जो ऑस्ट्रेलिया के अन्य मैदानों से काफी बेहतर है। यही एक कारण हो सकता है कि ऑस्ट्रेलिया गेंदबाजी को

**भारत के अंदर मतभेद की खबरें थीं। कप्तान रोहित शर्मा रन बनाने में इतने पीछे हैं कि टीम में उनकी जगह अच्छी नहीं लग रही है। कोच गौतम गंभीर ने यह पुष्टि नहीं की कि रोहित को प्लेइंग इलेवन में शामिल किया जाएगा या नहीं, जिससे भारत की तैयारी में बहुत अलग तरह का माहौल बना**

मजबूत कर रहा है। ऑस्ट्रेलिया में मिचेल मार्श की जगह बो वेबस्टर अपना टेस्ट डेब्यू करेंगे।

यशस्वी जायसवाल इस सीरीज में भारत के सबसे बेहतरीन बल्लेबाज रहे हैं। नीतीश कुमार रेड्डी इसके अलावा एक सफल बल्लेबाज रहे हैं। आकाश दीप इस टेस्ट से बाहर हो गए हैं।

क्या सिडनी टेस्ट रोहित शर्मा का आखरिरी टेस्ट होगा या उन्होंने इससे पहले ही हटने का फैसला कर लिया है? भारत की पर्थ में जीत रोहित के बिना आई थी। उन्होंने खुद को मध्य क्रम में लाकर टीम की गति खराब नहीं करने की कोशिश की लेकिन वह सफल नहीं हुए। पिछले टेस्ट में वह ओपन करने उतरे लेकिन वहां पर भी विफल रहे। भारत को अब अगला टेस्ट जून 2025 से पहले नहीं खेलना है तब तक रोहित 38 साल के हो जाएंगे।

# मनु भाकर और गुकेश सहित चार खिलाड़ियों को 'खेल रत्न

**नई दिल्ली ।** पेरिस ओलम्पिक में दो कांस्य पदक जीतकर इतिहास बनाने वाली युवा निशानेबाज मनु भाकर और सबसे युवा विश्व शतरंज चैंपियन डी गुकेश सहित चार खिलाडियों को देश के सर्वोच्च खेल पुरस्कार 'खेल रत्न' से सम्मानित किया जाएगा।

युवा मामले एवं खेल मंत्रालय ने गुरूवार को राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024 की घोषणा की। पुरस्कार विजेताओं को 17 जनवरी, 2025 को सुबह 11 बजे राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक विशेष समारोह में भारत के राष्ट्रपति से पुरस्कार प्राप्त होंगे।

मनु और गुकेश के अलावा ओलम्पिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरा एथलीट प्रवीण कुमार को खेल रत्न प्रदान किया जाएगा।

मनु ने न सिर्फ ओलंपिक 2024 के व्यक्तिगत मुकाबले में भारत का परचम लहराया बल्कि 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में सरबजोत सिंह के साथ मिलकर कांस्य पदक जीता। पेरिस ओलंपिक में मिली इस दोहरी कामयाबी ने उन्हें सफलता की नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया।

चेस प्लेयर डी गुकेश को भी खेल रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। गुकेश ने पिछले महीने 12 दिसंबर को शतरंज की दुनिया का युवा वर्ल्ड चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया था।

सिंगापुर में हुई वर्ल्ड चैंपियनशिप में गुकेश ने चीन के डिंग लिरेन को हराकर खिताब जीता था वो महज 18 साल की उम्र में वर्ल्ड चैंपियन बने, जो कि एक वर्ल्ड रिकॉर्ड है।




# मार्श ऑस्ट्रेलियाई टीम से बाहर, वेबस्टर सिडनी टेस्ट में डेब्यू करेंगे

**सिडनी ।** भारत के खिलाफ 5वें टेस्ट मैच के लिए आस्ट्रेलिया के हरफनमौला खिलाड़ी मिशेल मार्श को टीम से बाहर कर दिया गया है, उनकी जगह ब्यू वेबस्टर को मौका दिया गया



है। शुक्रवार से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज का 5वां और अंतिम टेस्ट मैच खेला जाएगा। गुरुवार को एससीजी में पत्रकारों से बात करते हुए ऑस्ट्रेलिया टीम के कप्तान पैट कमिंस ने टीम में बदलाव की पुष्टि की। जिसमें वेबस्टर को मार्श की जगह शामिल किया गया है। मार्श ने श्रृंखला में 10.42 की औसत से 73 रन बनाए हैं। ऑस्ट्रेलिया टीम के लिए डेब्यू करने वाले वेबस्टर 469वें टेस्ट खिलाड़ी बनेंगे।

# टीम में कोई मतभेद नहीं वह अपना काम जानते हैं: गंभीर के बचपन के कोच

**नई दिल्ली ।** भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर के बचपन के कोच संजय भारद्वाज ने कहा है कि भारतीय खेमे में कोई मतभेद नहीं है।

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के बॉक्सिंग डे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 184 रन से हार के बाद ड्रेसिंग रूम में अशांति की अटकलों के बीच, गंभीर ने स्पष्ट किया कि ये ₹सिर्फ रिपोर्ट हैं, सच्चाई नहीं।

आईएएनएस से बात करते हुए, गंभीर के कोच भारद्वाज ने भी यही भावना दोहराई और कहा कि जब टीम हारती है तो ₹ऐसी रिपोर्ट₹ आना आम बात है।

गंभीर के बचपन के कोच भारद्वाज ने गुरुवार को आईएएनएस से कहा, ₹जब भी कोई टीम हारती है, तो ऐसी खबरें सामने आती हैं। गंभीर को पता है कि उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है और मैच जीतने के लिए टीम से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाना है। उन्हें पता है कि टीम में क्या संभावनाएं हैं और उन्हें पता है कि



अनुभवी और नए खिलाड़ियों का उपयोग कैसे करना है। मुझे नहीं लगता कि टीम में कोई दरार है। जहां तक मुझे पता है, रोहित व्यक्तिगत रूप से अपने फॉर्म से संतुष्ट नहीं हैं।

सिडनी में सीरीज के पांचवें और अंतिम टेस्ट से पहले प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में गंभीर अपने शब्दों पर अड़े रहे और टीम के संघर्ष के महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर बात की। उन्होंने कहा, ₹जब तक ड्रेसिंग रूम में ईमानदार लोग रहेंगे, भारतीय क्रिकेट सुरक्षित हाथों में रहेगा। केवल प्रदर्शन ही आपको ड्रेसिंग रूम में रखता है। ईमानदारी से बात की गई और ईमानदारी महत्वपूर्ण है।

गंभीर ने इस बात की पुष्टि करने से इनकार कर दिया कि कप्तान रोहित शर्मा प्लेइंग इलेवन का हिस्सा होंगे या नहीं। उनसे पारंपरिक प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कप्तान की अनुपस्थिति के बारे में पूछा गया और क्या यह अंतिम टीम में उनके शामिल होने का संकेत है। गंभीर ने कहा, ₹रोहित के साथ सब कुछ ठीक है।

# वार्ड 83 में कैबीनेट मंत्री सुनील शर्मा ने अपनी निधि से सड़क निर्माण करवाया




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वार्ड 83 श्याम पार्क एक्सटेंशन के डी ब्लॉक में डी-125 से अग्रवाल स्वीट्स तक पार्षद कविता प्रवीन भाटी के अनुरोध पर साहिबाबाद विधायक एवं मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने अपनी निधि से सड़क निर्माण करवाया । 2 जनवरी 2025 को इस सड़क का लोकार्पण विधायक ने पार्षद कविता प्रवीन भाटी व वहां के स्थानीय निवासियों के साथ मिलकर रिबन काटकर व नारियल फोड़कर किया। यह सड़क काफी दिनों से अधूरी थी। विधायक ने सड़क बनवाने का कार्य किया जिसका पार्षद कविता प्रवीन भाटी सहित वहां के सभी स्थानीय निवासियों ने विधायक का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सुलेख चन्द कपासिया, ऐ.के. सिंह, अशोक गुप्ता आटे वाले, श्याम बाबू शर्मा, राजपाल कौशिक, वेद प्रकाश, कोहली, विकास गोयल, सुशील शर्मा, सी पी वर्मा, प्रमोद सिंघल, मुकेश शर्मा, नरेश चौहान, योगेन्द्र यादव, एस के दीक्षित, हरिश्चंद्र शर्मा, लव सक्सेना, के के दुबे, के.डी. शर्मा, डॉ. अनिल शर्मा सहित काफी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे ।

# शहीद मेजर आशाराम त्यागी को भारत रत्न से नवाजा जाना चाहिए : विधायक नंदकिशोर गुर्जर

## महावीर चक्र से सम्मानित मेजर आशाराम त्यागी की 86वीं जयंती मनाई गई




**मोदीनगर, करंट क्राइम।** शहीद मेजर आसाराम त्यागी स्मृति सेवा ट्रस्ट एवं नगर पालिका परिषद के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को रेलवे रोड स्थित महावीर चक्र से सम्मानित मेजर आसाराम त्यागी की 86वीं जयंती बड़े हर्षोल्लास से मनायी गयी। मुख्य अतिथि साहिबाबाद विधायक व इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी कैबिनेट मंत्री ने शहीद मेजर आशाराम त्यागी को नमन किया।

विशिष्ट अतिथि विधायक लोनी नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि हम सबका दायित्व है कि देश का प्रत्येक नागरिक राष्ट्र की बेहतरी के लिए अपना योगदान अवश्य दे। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि शहीद मेजर आशाराम त्यागी को भारत रत्न से नवाजा जाना चाहिए। जन्म जयंती कार्यक्रम का संचालन प्रवीण जैन व अध्यक्षता प्रो. डॉ. राजपाल त्यागी ने की। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. त्यागी ने शहीद मेजर आसाराम त्यागी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए आयोजकों को एक भव्य कार्यक्रम के लिए बधाई दी। ट्रस्ट के सचिव राजीव शर्मा ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। अमर शहीद मेजर आसाराम त्यागी स्मृति सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष दया स्वरूप त्यागी, वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज त्यागी, सचिव राजीव शर्मा, उपाध्यक्ष जसबीर त्यागी, कोषाध्यक्ष सत्येन्द्र गौतम, संस्थापक डॉ. नरेन्द्र त्यागी, ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक राज सुंदर त्यागी, सह संरक्षक अनिल त्यागी, महेश त्यागी, ललित त्यागी, संगठन मंत्री आयुष राम त्यागी, प्रेम सुंदर त्यागी, कार्यक्रम संयोजक व पूर्व चेयरमेन पंडित राम आसरे शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली, सभासद अध्यक्ष वेदप्रकाश, सभासद ललित त्यागी, मोनू धामा, सभासद सुबे सिंह, ललित त्यागी, संदीप सांगवान, प्रदीप शर्मा, नवीन जायसवाल, यतीश त्यागी, प्रशांत त्यागी, रालोद नेता सतेंद्र तोमर, हरबीर, डॉ0 बब्ली गुर्जर, राम किशन त्यागी, नवीन प्रधान सहित सैकड़ों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# डॉ. रोहित शर्मा ने छात्रों को जागरूकता और शिक्षा पर दी प्रेरणादायक सीख




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राणा प्रताप हायर सैकण्ड्री स्कूल, लोहिया नगर गाजियाबाद में मंगलवार डॉ. रोहित शर्मा, जो जयपुर के इंडिया इंटरनेशनल स्कूल के पूर्व छात्र और राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज के अंतर्गत झालावाड़ मेडिकल कॉलेज के स्नातक हैं, ने हाल ही में छात्रों को अपनी प्रेरणादायक शिक्षा और मार्गदर्शन से प्रभावित किया। चिकित्सा क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए जाने जाने वाले डॉ. शर्मा हमेशा से ही छात्रों के लिए प्रेरणा स्त्रोत रहे हैं।

राणा प्रताप हायर सेकेंडरी स्कूल में एक विशेष सत्र के दौरान डॉ. शर्मा ने जागरूकता, तनाव कम करने और उच्च शिक्षा प्राप्त करने की रणनीतियों पर छात्रों से चर्चा की। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य को अकादमिक सफलता और व्यक्तिगत विकास की नींव बताते हुए छात्रों को प्रेरित किया। उनकी प्रेरक बातें और व्यवहारिक सुझाव छात्रों को गहराई से छू गए, जिससे वे जीवन में संतुलन बनाए रखते हुए उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित हुए।

कार्यक्रम में उन्होंने तकनीकी और नैतिक शिक्षा के संतुलन पर भी जोर दिया। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे केवल करियर बनाने पर ध्यान न दें, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को भी समझें। डॉ. शर्मा की प्रेरणादायक बातें छात्रों और शिक्षकों के लिए नई ऊर्जा और दिशा का स्त्रोत बनीं। उनका संदेश था कि सही शिक्षा से न केवल व्यक्तिगत विकास होता है, बल्कि समाज और देश का भी उत्थान होता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया और डॉ. शर्मा के विचारों को सराहा।

## पुलिस ने दो वाहन चोरों को दबोचा, चोरी की बाइक बरामद

मोदीनगर, करंट क्राइम। दो दिन पूर्व गांव सौंदा निवासी एक युवक के घर के बाहर से चोरी हुई बाईक लेकर बेचने जा रहे दो वाहन चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि गत 30 दिसंबर को गांव सौंदा निवासी सुशील कुमार त्यागी ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी, कि उसकी बाईक घर के बाहर से चोरी हो गयी। सीसीटीवी फुटेज में चोरी की दर्ज घटना को लेकर पुलिस टीम जांच में जुट गयी। पुलिस ने निवाडी रोड पर वाहन चैकिंग के दौरान चोरी की बाइक बरामद कर ली। बाइक पर सवार दो वाहन चोर भी दबोच लिये गये। पकडे गये वाहन चोरो में समीर पुत्र यूसूफ व उसका साथी समीर निवासीगण गांव सौंदा ही हैं।

# प्रकाश पर्व से पूर्व विशाल नगर कीर्तन का होगा आयोजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रकाश पर्व के पहले जो इतवार आता है उस पर निरंतर कई वर्ष से शहर में एक विशाल नगर कीर्तन का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में 5 जनवरी 2025 को एक विशाल नगर कीर्तन आरंभ होगा बजरिया गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा से और शाम को इसका समापन होगा गांधीनगर गुरुद्वारे पर जाकर।



नगर कीर्तन का रूट होगा घंटाघर दिल्ली गेट हापुर रोड गुरुद्वारा साहिब नवयुग मार्केट के आगे जगदीश नगर गुरुद्वारा के सामने से होते हुए पुराने बस अड्डे पुल के नीचे से अंबेडकर रोड मालीवाडा चौराहा आगे चलते हुए कालका गाड़ी चौराहा फिर उससे आगे बढ़ते हुए चौधरी मोड़ से पहले आशीर्वाद बैंक्विट हॉल के बराबर से निकलते हुए हरि मंदिर से आगे जाकर गांधीनगर गुरुद्वारे के बाहर समापन होगा।

इस मौके पर शहर के जनप्रतिनिधि अलग-अलग राजनीतिक दल के प्रतिनिधि और सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं से जुड़े हुए लोग उपस्थित रहेंगे। शाम को 7:00 बजे जब नगर कीर्तन गांधीनगर गुरुद्वारे पर जाकर समापन होगा उसी समय वहां पर भी एक स्टेज सजाई जाएगी जिसमें गुरु घर में अलग-अलग तरीके से सेवा देने वाले श्रद्धालुओं को गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों के प्रधानों को शहर के जनप्रतिनिधियों को और सहयोग करने वाले अधिकारियों को गुरु घर की तरफ से सम्मानित किया जाएगा।

इस अवसर पर गुरुद्वारा सिंह सभा के चेयरमैन हरमीत सिंह, प्रधान इंद्रजीत सिंह टीटू, महामंत्री एसपी सिंह ओबरॉय, वीर खालसा दल के अध्यक्ष कुलविंदर सिंह ओबरॉय, गुरुद्वारा के सचिव जगमोहन कपूर, शिवानपुरा

गुरुद्वारे के प्रधान रविंद्र सिंह सगू, राज नगर सेक्टर 10 से मनजीत सिंह सेठी, गांधीनगर गुरुद्वारे से सरदार जगमोहन सिंह, अर्जुन नगर गुरुद्वारा से प्रधान हरविंदर सिंह, बॉर्डर भारत नगर के प्रधान जोगिंदर सिंह बग्गू, शिवानपुरे से अमन भाई, जसवीर सिंह बजरिया, रितेश कसाना, शेरा भाई आदि उपस्थित थे।

## निर्वाचक नामावलियों के अंतिम प्रकाशन की तिथि 7 जनवरी 2025

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अर्हता तिथि 1 जनवरी 2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अंतिम प्रकाशन के संबंध में कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश द्वारा निर्वाचक नामावलियों के अंतिम प्रकाशन की तिथि में संशोधन संबंधी भेजे गए प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है, जिसके अनुसार अब अन्तिम प्रकाशन की तिथि 6 जनवरी 2025 के स्थान पर 7 जनवरी 2025 है।

## मेरठ दिल्ली एक्सप्रेस-वे पर हादसा

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** मेरठ दिल्ली एक्सप्रेस-वे पर नववर्ष पर फरीदाबाद से हरिद्वार जाते समय टैम्पो ट्रैवलर वाहन में पंचर हो गया। टायर बदलते समय वाहन में सवार तीर्थ यात्रियों में एक युवती की कैंटर वाहन की चपेट में आने से मौत हो गयी, जब कि टायर बदलने वाला चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हरियाणा के फरीदाबाद की गांधी कालोनी रेलवे रोड निवासी महेश ने दर्ज रिपोर्ट में बताया है कि जब उसका भाई संजय कुमार टैम्पो ट्रैवलर वाहन से तीर्थ यात्रियों को लेकर हरिद्वार के लिये निकला, इसी बीच डीएमई पर भोजपुर के पास पेंचर हो गया, टायर बदलते समय पीछे से आ रहे कैंटर वाहन ने तीर्थ यात्री युवती पूजा को गंभीर रूप से घायल कर दिया ओर उसका भाई संजय घायल हो गया, इसी बीच उपचार के दौरान पूजा की मौत हो गयी। पुलिस मामला दर्ज कर वाहन की तलाश कर रहे।




### कोई चाहे कैसा हो बस हमारा विधायक तो भगवा कमांडर जैसा हो

वो नदियापार से आकर लाईनपार में जीत गये तो कुछ ने कहा कि दो साल बाद वो नदी के इस पार ही आयेगें तो किसी ने कहा कि लाईनपार में ही टीआरपी बढ़ायेगें। मगर नये साल में कुछ ऐसा हुआ कि नदी के उस पार भी उनकी जिन्दाबाद के नारे लग गये। मडंल वाले नेता जी को पुलिस ने जेल भेज दिया तो देवतुल्यों ने थाने पर धरना दिया। भगवा कमांडर को जीते अभी एक महीना भी नही हुआ लेकिन नदियापार में नारा लग गया कि हमारा विधायक कैसा हो, भगवा कमांडर जैसा हो। थाने पर नारेबाजी कर रहे देवतुल्यों के बीच शहर विधायक संजीव शर्मा पहुंचे। उन्हे देखते ही नारों में गर्मजोशी आ गई और ये आवाज गूंजी कि देखो देखो कौन आया, शेर आया, शेर आया। फिर सीन में तीन साल भी आ गये और कहने वाले ने कहा कि आप तो तीन साल बाद उनके यहां आने की बात कर रहे थे मगर वो तो एक महीने में ही आ गये और जिंदाबाद की आवाज बता रही है कि देवतुल्यों के दिल में उनके लिये क्या स्थान है। वो कार्यकर्ता के संघर्ष में थाने पहुंचे और फिर आवाज तो ये भी आई कि जिन्हे आना था वो क्यों नही पहुंचे।

### ये बात है इन द भगवा एयर उनके नाम की करी है किन दो ने केयर

भगवा हवा की अलग ही हवा है और इस हवा में सबकुछ हवा हो जाता है। अगर पक्ष में हवा बहती है तो किसी को घर से बुलाकर स्टेट में बड़ा पद दिया जाता है। इन दिनो फूल वालों के यहां महानगर की चेयर को लेकर दावेदार अपने अपने सियासी खुदाओं के यहां प्रेयर कर रहे हैं। सुना है कि किसी का ईलाज बांधने के लिये किसी की हवा बांधी जा रही है। पॉवर सेंटर के एक छोर ने भी दूसरे छोर पर जा पहुंचे साहब से हाथ मिला लिया है। बताया तो यहां जा रहा है कि जनरली हैवीवेट तरीके से उनके नाम की एयर बनाते हुये केयर की गई है। हवा के पक्ष में शिव जी के प्रकाश की कृपा की भी कामना की गई है। सुना है इस ऐयर के लिये पूरी केयर भी हुई है और प्रेयर भी हुई है

### बन रहें हैं नवाब इनके बस का नही है जीतना मौहल्ले वाला चुनाव

हाथ वाले ने ही कहा कि हाथ वालों के यहां नेताओं की तो कोई कमी नही हैं मगर यहां सबसे ज्यादा टोटा ही कार्यकर्ताओं का है। बात हाथ वालों के लोकल लीडरों की चली तो पुराने हैंड लीडर ने बैंड वालों का किस्सा छेड़ दिया। उन्होने कहा कि जिन्हे दिल्ली वाली रैली में ले जाने के लिये 300 रूपये के हिसाब से बैंड वाले ले जाने पड़े वो भला किस बात के लीडर हैं। पुराने हैंड लीडर की जुबान इसके बाद भी नही थमी और उन्होने कहा कि बन तो वो सियासी नवाब रहे हैं लेकिन उनके बस का मौहल्ले वाला चुनाव भी जीतना नही है। इस कड़ी में उन्होने कई नाम गिनाये और कहा कि निगम में ये जो तीन आये हैं ना इसमें हाथ वालों के किसी लीडर का कोई योगदान नही है। संजय नगर वालों से लेकर कालका गढ़ी वालों ने जीत की हैट्रिक अपने दम पर मारी है। वो तब भी जीते हैं जब लहर में कांग्रेस लोकसभा भी हारी और विधानसभा भी हारी है।

# पार्षद विनील दत्त ने आयुष्मान कार्ड कैंप लगाया, 50 लोगों ने लिया लाभ


**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुरानी पंचवटी, कविता स्टेशनरी पर वार्ड 22 के पार्षद विनीत दत्त ने गुरुवार को निशुल्क आयुष्मान कार्ड कैंप का आयोजन किया। कैंप में 70 प्लस के 50 से ज्यादा वरिष्ठ नागरिकों ने अपना आयुष्मान कार्ड बनवाया।




इस कार्यक्रम का शुभारंभ पार्षद विनीत ने स्वयं किया। कैंप में मुख्य अतिथि सहसंयोजक वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ भाजपा महानगर गाजियाबाद उपाध्यक्ष पश्चिम उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय व्यापार मंडल पंडित अशोक भारतीय ने सभी वरिष्ठ नागरिकों से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 70 प्लस आयुष्मान कार्ड योजना को अत्यधिक उपयोगी बताते हुए आयुष्मान कार्ड बनवाने की अपील की। इस अवसर पर मुख्य रूप से पंडित अशोक भारतीय, पार्षद विनीत दत्त, पंचवटी आर डब्लू ए अध्यक्ष धीरज, सुनील नागर भाजपा मंडल मंत्री, प्रवीण शर्मा भाजपा वार्ड अध्यक्ष, एमसी शर्मा, एमपी जैन, प्रमोद गोयल, सुभाष जैन, और अन्य लोग उपस्थित रहे।

## विवाहित महिला प्रेमी संग फरार

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एक विवाहिता महिला प्रेमी संग फरार हो गयी। महिला के भाई ने नामजद रिपोर्ट दर्ज करायी हैं। एक गांववासी महिला की शादी संतापुरा मौहल्ले के एक युवक से हुई थी। बताया जा रहा है कि



महिला का पड़ौस में ही रहने वाले एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था, जिसके चलते महिला प्रेमी संग फरार हो गयी। महिला का मोबाइल फोन भी स्वीच ऑफ आ रहा हैं। पुलिस ने इस मामले में संतपुरा निवासी सुधांशु पत्र सुनील के खिलाफ बहला फुसलाकर ले जाने का मामला दर्ज कर लिया है।




## दो आईपीएस संभालेंगे परेड की कमान

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में तीसरी 26 जनवरी की परेड की तैयारी लाइन में शुरू हो गई हैं। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्रों से जानकारी मिली है कि इस बार की 26 जनवरी वाली परेड में दो आईपीएस अधिकारी परेड में कमान संभालेंगे। दोनों आईपीएस अधिकारियों को परेड कमांडर का दायित्व सौंपा गया है। पुलिस से ही जानकारी मिली है कि एक महिला आईपीएस अधिकारी को परेड कमांडर प्रथम बनाया गया है। तो वहीं दूसरे अंडर ट्रेनी आईपीएस अधिकारी भी परेड में सेकंड अफसर के रूप में नजर आएंगे। सूत्रों से जानकारी मिली है की लाइन में रोजाना शाम को 26 जनवरी वाली परेड की तैयारी शुरू हो गई है। वहीं परेड में शामिल अलग-अलग टोलियों के पुलिसकर्मियों के कदम से कदम और हाथ से हाथ मिलवाए जा रहे हैं। तो वहीं कमांड देने का अभ्यास कराया जा रहा है। कमांड साफ व




तेज रहे और स्पष्ट हो सकते लिए अभ्यास जारी है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम के सूत्रों से जानकारी मिली है कि 26 जनवरी वाली परेड के साथ ही अन्य व्यवस्थाओं पर भी काम करना शुरू कर दिया गया है। सूत्रों ने बताया है कि कमिश्नरेट के एक मिस्टर भरोसेमंद एसीपी को फिर से 26 जनवरी वाले कार्यक्रम की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। वो पूरे आयोजन को सफल बनाने व परफैक्ट बंदोबस्त करने के लिए जुट गए हैं। जिसमें हाइ-टी से लेकर माननीयों के बारे का प्लान भी शामिल रहेगा। वहीं पुलिस से जानकारी मिल रही है कि जल्द ही परेड वाले निमंत्रण के कार्ड भी छपने के लिए दिए जाएंगे। हालांकि पिछली साल वाली परेड के दिन पुलिसकर्मियों और गजेटेड अधिकारियों को परेड से दूर रखा गया था। बीते साल के हाल व माहौल दूसरा था, वहीं साल बदलने के बाद हालात बदलें हैं। अब देखना होगा कि इस बार परेड का नजारा कैसे रहेगा और परेड का मुख्य अतिथि कौन होगा, इसको लेकर भी अभी से राजनीतिक चेहरों के बीच चर्चा शुरू हो गई है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि लंबे समय बाद होगा, जब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में दो आईपीएस अधिकारी परेड में भाग लेंगे। पिछले वर्ष जो परेड हुई थी, वह बिना आईपीएस अधिकारी के परेड कमांडर बने ही हुई थी। देखना होगा इस बार अतिथि और आमंत्रण लिस्ट में कौन-कौन लोग नजर आते हैं और कार्यक्रम का अंदाज और परफॉर्मेंस क्या रहती है।

## बुजुर्गों को कंबल ओढ़ाकर पुलिस ने की जनसेवा



**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ में कड़कड़ाती ठंड से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। जहां असहाय और गरीबों का ठिकाना सड़क किनारे ही है। खुले आसमान के नीचे सर्द रातें काटना मुशिकल हो रहा है। मगर ऐसे में बाबूगढ़ पुलिस आगे आई और क्षेत्र में घूम-घूमकर गरीबों को कंबल ओढ़ाया। ऐसे में बुजुर्गों ने ठंड से राहत मिलने पर पुलिस के जवानों को आशीर्वाद दिया। सर्द रात में निराश्रित बाबूगढ़ थाना प्रभारी विजय गुप्ता अपनी टीम के साथ क्षेत्र गश्त पर निकले थे। इस दौरान ठिठुरन भरी सर्दी बढ़ने के बाद भी कुछ लोग खुले आसमान के नीचे रात गुजार रहे थे, जिनके पास ओढ़ने के लिए कुछ खास व्यवस्था भी नहीं थी।

## युवती से बदसलूकी के बाद दो पक्षों में मारपीट



**नोएडा (करंट क्राइम)।** नए साल के जश्न के दौरान मारपीट का एक वीडियो सामने आया है। ये नोएडा के गार्डन गलेरिया का बताया जा रहा है। यहां एक युवती से बदसलूकी के बाद दो पक्षों के बीच हाथ पाई हुई थी। लोगों ने वीडियो पुलिस को टैग करके कार्रवाई की मांग की। गार्डन गैलेरिया मॉल के टॉय बॉय बार के बाहर 2 पक्षों में मारपीट हो गई। पार्टी में शामिल होने आई एक युवती से बदसलूकी के बाद दोनों पक्षों के लोग आपस में भिड़ गए। इसका 28 सेकेंड का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें युवाओं की भीड़ दिख रही है। एक युवक को गोद में उठाकर हटाया जा रहा। वहां चारों तरफ से आवाजें आ रही है। अब तक नहीं मिली शिकायत : पुलिस अधिकारियों को टैग कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग यूजर ने की है। वहीं सेक्टर-39 थाना प्रभारी का मामले को लेकर कहना है कि अभी तक किसी ने शिकायत नहीं दी है। शिकायत के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। बता दे इस मॉल में पहले भी कई बार मारपीट के मामले सामने आ चुके है। यहीं नहीं बाउंसर की पिटाई में एक युवक की मौत तक यहां हो चुकी है।

# बहुजन जागरूकता मिशन ने किया माता सावित्रीबाई फुले सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 31 दिसंबर को बहुजन जागरूकता मिशन के तत्वावधान में भारत की प्रथम महिला शिक्षिका राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फुले के जन्मदिन के उपलक्ष में माता सावित्रीबाई फुले सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन के एस मेमोरियल पब्लिक स्कूल भट्टा रोड सुभाष नगर घूकना गाजियाबाद में किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में छात्र और छात्राओं ने हिस्सा लिया । यह प्रतियोगिता दो वर्गों में की गई, जूनियर वर्ग और सीनियर वर्ग। जूनियर वर्ग में सभी कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों ने पार्टिसिपेट किया और सीनियर वर्ग में 8 से 12 तक के बच्चों ने हिस्सा लिया। बहुजन जागरूकता मिशन के संयोजक इंजी. एस पी गौतम ने बताया कि बहुजन जागरूकता मिशन भारत की प्रथम महिला शिक्षिका राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फुले के सम्मान में पिछले 7 वर्षो से जिला स्तरीय माता सावित्रीबाई फुले सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी माता सावित्री फुले के जन्मदिवस 3 जनवरी 2025 के उपलक्ष में 31 दिसंबर को माता सावित्रीबाई फुले सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता (सप्तम) का आयोजन किया गया है जिसमें जिला गाजियाबाद के 300 से ज्यादा छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। परिणाम एवं पुरस्कार वितरण 3 जनवरी, दिन शुक्रवार को के एस मेमोरियल पब्लिक स्कूल भट्टा रोड सुभाष नगर घूकना गाजियाबाद में बहुजन जागरूकता मिशन के तत्वाधान में आयोजित माता सावित्रीबाई फुले जन्मोत्सव समारोह कार्यक्रम में किया जाएगा । प्रतियोगिता कराने में बहुजन जागरूकता मिशन के संयोजक इंजी सुंदर पाल गौतम, कोषाध्यक्ष प्रवेश कुमार, प्रवक्ता दीपक पुष्कर, संरक्षक राजेंद्र कुमार, स्कूल की प्रधानाचार्या कोमल शर्मा एवं स्कूल के समस्त स्कूल स्टाफ उपस्थित रहे।



# लावारिस हालत में मिली 7 माह की मासूम

## सीसीटीवी के आधार पर परिजनों की तलाश में जुटी पुलिस

**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ के सिटी कोतवाली इलाके में मेरठ रोड स्थित एक कॉलेज के पास स्थित एक दुकान के बाहर 7 माह की एक बच्ची को एक दंपति बाहर छोड़कर चले गए। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर पास-पड़ोस के लोगों ने वहां जाकर देखा। जिसके बाद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्ची को अस्पताल में भर्ती करवाया। फिलहाल, पुलिस सीसीटीवी फुटेज के जरिए पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हैं। जानकारी के अनुसार मेरठ रोड पर श्री शांति स्वरूप कृषि इंटर कॉलेज के समीप एक दुकान के बाहर नाले के स्लैब पर एक नवजात बच्ची को कंबल में लपेटी हुई मिली। जैसे ही लोगों को बच्चे के रोने की आवाज आई। वे वहां पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर नवजात को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। चाइल्ड लाइन की टीम को सूचना दी गई। चाइल्ड लाइन की टीम और पुलिस ने रेस्क्यू कर नवजात बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्रारम्भिक इलाज के बाद बच्ची को मेरठ के लिए रेफर कर दिया। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। इलाके में लगे सीसीटीवी की जांच की जा रही है। कोतवाली प्रभारी मनीष प्रताप सिंह ने बताया कि सीसीटीवी के आधार पर बच्ची के परिजनों की तलाश की जा रही है।



# ओनली फैंस की मॉडल ने किराए के फ्लैट में एक दिन में 100 लोगों से बनाए संबंध

**सोशल मीडिया मंच ओनली फैंस की मॉडल लिली फिलिप्स ने हाल ही में एक यूट्यूबर के साथ बातचीत में खुलासा किया कि उसने लंदन के एक फ्लैट में एक दिन में 100 लोगों के साथ शारीरिक संबंध बनाए**

**लंदन ।** सोशल मीडिया एप ओनलीफैंस की मॉडल लिली फिलिप्स के खुलासे से अब हंगामा हो गया है। दरअसल लिली फिलिप्स ने दावा किया है कि उसने एयरबीएनबी एप के जरिए एक फ्लैट किराए पर लेकर उसमें एक दिन में 100 लोगों से शारीरिक संबंध बनाए। अब लिली के खुलासे से फ्लैट के मालिक भी हैरान हैं और उन्होंने कहा कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं थी कि फ्लैट को शारीरिक संबंध बनाने के लिए किराए पर लिया जा रहा था।





### एयरबीएनबी ने लगाया मॉडल पर प्रतिबंध

लिली फिलिप्स ने एयरबीएनबी एप के जरिए लंदन का 16 करोड़ रुपये का फ्लैट किराए पर लिया था। एयरबीएनबी एक ऑनलाइन मार्केटप्लेस है, जो लोगों को थोड़े समय के लिए किराए पर संपत्ति उपलब्ध कराता है।

एयरबीएनबी के जरिए संपत्ति के मालिक और संपत्ति को किराए पर लेने के इच्छुक लोग संपर्क कर सकते हैं। इसमें फ्लैट, मकान, दुकान, गोदाम आदि कुछ भी हो सकते हैं। अब लिली फिलिप्स के दावे से एयरबीएनबी ने नाराजगी जताई और कहा कि लिली ने समझौते की शर्तों का उल्लंघन किया और मकान मालिक को ये नहीं बताया कि वह किस उद्देश्य से फ्लैट किराए पर ले रही है। अब एयरबीएनबी ने लिली फिलिप्स को प्रतिबंधित कर दिया है।

### लिली फिलिप्स के खुलासे से हंगामा

इस वीडियो में लिली फिलिप्स ने ये भी कहा कि वह आगे भी इस स्टंट को करना चाहेगी और अगली बार लोगों की संख्या 10 गुना ज्यादा होगी। मकान मालिक भी हैरान अपना फ्लैट लिली को किराए पर देने वाले संपत्ति के मालिक को जब लिली के खुलासे का पता चला तो वे हैरान रह गए।

फ्लैट के मालिक ने मीडिया से बातचीत में बताया कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं थी कि फ्लैट में क्या होने वाला है। हालांकि उसने इस मामले में ज्यादा टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

# अमेरिका के लिए मुसीबतों का नया साल

## न्यूयॉर्क के क्वींस में नाइट क्लब के बाहर ताबड़तोड़ गोलीबारी

## 10 घायल

**नई दिल्ली ।** अमेरिका में नए साल का आगाज हमलों और गोलीबारी के साथ हुआ। पहले न्यू ऑर्लियंस में आतंकी हमला फिर ट्रंप टावर के बाहर धमाका और अब न्यूयॉर्क के क्वींस में नए साल के दिन एक नाइट क्लब के बाहर जमा भीड़ पर कुछ लोगों ने ताबड़तोड़ गोलीबारी की। इस दौरान कम से कम 30 गोलियां चलाई गईं। गोलीबारी में 10 लोग घायल हो गए। इनमें अधिकतर किशोर बताए जा रहे हैं। इससे पहले न्यू ऑर्लियंस में आतंकि हमले में 15 लोग मारे गए, जबकि ट्रंप टावर के बाहर धमाके में एक की मौत हो गई थी।

जानकारी के मुताबिक, पुलिस अधिकारियों को बुधवार रात करीब 11:18 बजे (स्थानीय समयानुसार) 911 पर कई कॉल मिलीं, जिसमें क्वींस के जमैका में अमजुरा नाइट क्लब के बाहर कई लोगों को गोली लगने की सूचना मिली। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी करने वाले तीन से चार की संख्या में थे। हादसा उस




वक्त हुआ, जब चार पुरुष नाइट क्लब की ओर जा रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम स्थल के बाहर लाइन में खड़े एक समूह की ओर 30 से अधिक बार गोलियां चलाईं, जिससे कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।

मामले की जांच से जुड़े अधिकारियों ने गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 16 से 20 साल की उम्र के बीच की छह महिलाओं और चार पुरुषों को गोलियां लगीं। पुलिस गोलीबारी के सिलसिले में एक हल्के रंग की सेडान की तलाश कर रही है। न्यूयॉर्क पुलिस विभाग (ठढऊ) के मुताबिक, पीड़ितों में से किसी की भी हालत गंभीर नहीं है और सभी के बचने की उम्मीद है। पुलिस ने लोगों को आश्वस्त किया कि यह आतंकवादी हमला नहीं था।

# इस्राइल के बाद अब फलस्तीन में भी अल जजीरा के प्रसारण पर रोक, भड़काऊ सामग्री प्रसारित करने का आरोप

**रामल्लाह ।** एक चौंकाने वाले फैसले के तहत फलस्तीनी प्रशासन ने भी कतर के अल जजीरा मीडिया चैनल के प्रसारण पर रोक लगा दी। फलस्तीनी प्रशासन का कहना है कि अल जजीरा उकसावे वाली सामग्री का प्रसारण कर रहा था। फलस्तीन की सरकारी मीडिया एजेंसी ने एक बयान जारी कर कहा कि 'संस्कृति, आंतरिक और संचार मंत्रालयों वाली विशेष मंत्रिस्तरीय समिति ने अल जजीरा के प्रसारण को निलंबित करने और फलस्तीन में इसके कार्यालय की सभी गतिविधियों को रोकने का फैसला किया है।' फलस्तीनी प्रशासन ने अल जजीरा के प्रसारण पर लगाई रोक फलस्तीनी मीडिया की रिपोर्ट में कहा गया है, 'इस फैसले में फलस्तीनी कानूनों और विनियमों के उल्लंघन के कारण अल जजीरा के सभी पत्रकारों, कर्मचारियों, क्रू और संबद्ध चैनलों के काम को अस्थायी



रूप से रोकना भी शामिल है।' फलस्तीनी प्रशासन ने कहा कि अल जजीरा द्वारा लगातार भड़काऊ सामग्री और गलत सूचनाएं प्रसारित की जा रही हैं। यह देशद्रोह और फलस्तीन के आंतरिक मामलों में दखल है। जिसके बाद प्रशासन ने चैनल के कामकाज को निलंबित करने का फैसला किया है। फलस्तीन के रामल्लाह स्थित अल जजीरा के नेटवर्क कार्यालय ने भी इस निलंबन की पुष्टि की है और कहा कि उन्हें इस संबंध में आदेश प्राप्त हुआ है।

हमास ने एक बयान जारी कर अल जजीरा के प्रसारण पर रोक की आलोचना की है। हमास ने कहा कि 'यह फैसला फलस्तीनी प्राधिकरण की मनमानी को दशार्ता है और यह सार्वजनिक अधिकारों और स्वतंत्रताओं को कम करना और फलस्तीनी लोगों पर अपनी सुरक्षा पकड़ को मजबूत करने के चलते लिया गया है।' हमास ने कहा कि हम फलस्तीनी प्राधिकरण से तुरंत इस फैसले को वापस लेने की मांग करते हैं। मीडिया कवरेज की निरंतरता जरूरी है और इससे कब्जे को उजागर करने में मदद मिलती है।

### फलस्तीनी प्राधिकरण ने क्यों लगाई रोक?

इस्राइल द्वारा अक्सर अल जजीरा चैनल पर पक्षपाती रिपोर्टिंग करने और उकसावे वाली सामग्री का प्रसारण करने का आरोप लगाया जाता है। यही वजह है कि इस्राइल में भी अल जजीरा पर रोक है,।

# मोंटनेग्रो में अंधाधुंध गोलीबारी कर 10 की जान लेने वाले की मौत

**नई दिल्ली ।** मोंटेनेग्रो में 10 लोगों की हत्या करने के बाद खुदकुशी की कोशिश करने वाले आरोपी की मौत हो गई है। मोंटनेग्रो के मंत्री डेनिलो सरनोविक ने कहा कि बुधवार को 45 वर्षीय अलेक्जेंडर मार्टिनोविक ने छोटे से शहर सेटिनजे में एक रेस्टोरेंट में गोलीबारी की थी। इसमें चार लोगों की मौत हो गई। इसके बाद उसने तीन अन्य जगहों पर गोलीबारी करते हुए दो बच्चों समेत छह लोगों की हत्या कर दी। जबकि चार लोगों को घायल कर दिया था। जब पुलिस ने आरोपी अलेक्जेंडर मार्टिनोविक को पकड़ने की कोशिश की तो उसने अपने घर के पास आत्महत्या करने का प्रयास किया था।



मंत्री सरनोविक ने कहा कि जब आरोपी ने देखा कि पुलिस ने उसे घेर लिया है, तो उसने आत्महत्या करने का प्रयास किया। अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। हालांकि मंत्री खुदकुशी की कोशिश करने के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। घटना को लेकर पुलिस ने बताया कि मार्टिनोविक कई बार अवैध हथियार रखने के मामले में पकड़ा जा चुका है। पुलिस निदेशक लाजर स्केपानोविक ने कहा कि आरोपी ने हमला करने से पहले काफी शराब पी ली थी।

वहीं मोंटेनेग्रो के प्रधानमंत्री मिलोज्को स्पाजिक ने कहा कि गोलीबारी से पहले आरोपी का झगड़ा हुआ था।

# कोई एकल मां तो कोई फुटबॉल खिलाड़ी न्यू ऑर्लियंस हमले में मरने वालों की कहानी भावुक कर देगी

**वॉशिंगटन ।** न्यू ऑर्लियंस में नए साल का जश्न मना रहे लोगों को अमेरिका सेना के एक पूर्व सैनिक ने कुचल दिया। इस दर्दनाक हादसे में 15 लोगों की मौत हुई है और 30 अन्य घायल हुए हैं। आरोपी की पहचान शम्सुद्दीन जब्बार के रूप में हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, आरोपी के ट्रक पर आतंकी संगठन आईएसआईएस का झंडा लगा था। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में आरोपी को मौके पर ही ढेर कर दिया था। अभी तक हमले में मारे गए लोगों के बारे में जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन परिवार के सदस्यों और दोस्तों से बात कर चार पीड़ितों के बारे में जानकारी मिली है। जिनमें कोई एकल मां तो कोई फुटबॉलर था, जिनके कई सपने थे, लेकिन एक व्यक्ति की सनक से इनकी असमय मौत हो गई। आइए जानते हैं इनके बारे में।

28 साल की निकोल पेरेज एकल मां थी और उस हाल ही में ऑफिस में पदोन्नति मिली थी। निकोल जल्द ही नए अपार्टमेंट में शिफ्ट करने वाली थी और वह अपने चार साल के बेटे के साथ रहती थी। निकोल के बॉस ने बताया कि वह अपने बेटे को पढ़ना-लिखना सिखा रही थी। उन्होंने बताया कि पेरेज एक मेहनती कर्मचारी और समर्पित मां थी।

27 साल का टाइगर बेक, लुइसियाना के निकटवर्ती लाफायेट का निवासी था और प्रिंसटन यूनिवर्सिटी से उसने स्नातक की पढ़ाई की थी। बेक के हाई स्कूल के प्रिंसिपल मार्टी कैनन ने बताया कि न्यू ऑर्लियंस के हमले में बेक की भी मौत हो गई। कैनन ने बताया कि करीबी दोस्तों से उन्हें बेक की मौत के बारे में पता चला। बेक प्रिंसटन विश्वविद्यालय में फुटबॉल खेलता था और कैनन ने उसे बढ़िया एथलीट बताया। कैनन ने कहा कि वह होशियार था, वह एक बौद्धिक युवक था। बेक फिलहाल न्यूयॉर्क में फाइनेंस के क्षेत्र में काम कर रहा था और छुट्टियां मनाने के लिए न्यू ऑर्लियंस गया था।



मिसिसिपी की 18 वर्षीय निक्यरा डेडॉक्स भी न्यू ऑर्लियंस में हुए हमले में मारे गए लोगों में शामिल है। डेडॉक्स नर्सिंग की पढ़ाई शुरू करने वाली थी और जनवरी के अंत में ब्लू क्लिफ कॉलेज में उसका नर्सिंग कोर्स शुरू होने वाला था। वह अपने चचेरे भाई और एक दोस्त के साथ न्यू ऑर्लियंस में नए साल का जश्न मना रही थी, उसी दौरान हुए हमले में उसकी मौत हो गई। डेडॉक्स की मां ने फेसबुक पर साझा एक पोस्ट में अपनी बेटी की मौत की पुष्टि की।


37 वर्षीय रेगी हंटर भी जान गंवाने वाले लोगों में शामिल है। बैटन रूज के निवासी रेगी हंडर दो बच्चों के पिता थे। हंटर, एक गोदाम प्रबंधक थे और उन्हें अपने बेटे की शैक्षणिक उपलब्धियों पर गर्व था और वे अक्सर अपने दोस्तों और परिवारजनों से इसका जिक्र करते रहते थे।

# ट्रंप-वेंस के फोन हुए टेप

## कमला की टीम की बातें भी सुनी गई

**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी वित्त मंत्रालय की ओर से चीन प्रायोजित साइबर हमलों के दावों के मुताबिक चीनी हैकर्स ने वित्त विभाग (ट्रेजरी डिपार्टमेंट) ऑफिस को तकनीकी मदद देने वाली क्लाड आधारित सेवाओं तक सेंध लगा दी थी।

कोषागार विभाग के सांसदों को लिखे पत्र के मुताबिक, हैकरों के हाथ वह की (विशेष कोड) लग गया जिसका इस्तेमाल क्लाउड आधारित सेवाओं को सुरक्षित रखने के लिए किया जाता था। इस सुरक्षा प्रणाली का नाम गार्डरेल है। हैकर्स इन सेवाओं की सुरक्षा में सेंध लगाकर दूर किसी देश में बैठकर आसानी से ट्रेजरी डीओ के वर्कस्टेशनों को देख सकते थे तथा उनके दस्तावेजों तक भी पहुंच सकते थे। चीनी हैकर्स इससे पहले अमेरिका व अन्य पश्चिमी देशों की दूरसंचार कंपनियों व एजेंसियों में भी सेंध लगा



चुके हैं। अक्तूबर के अंत में इन हैकर्स ने डोनाल्ड ट्रंप और उनके साथी जेडी वेंस के फोन को भी निशाना बनाया था। उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के कैंपेन में काम करने वालों के भी फोन की जासूसी की गई थी। एफबीआई और साइबरसिक्योरिटी एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर सिक्योरिटी एजेंसी (सिसा) ने दावा किया है कि इन हैकर्स की कमान चीन के हाथों में है। कानून प्रवर्तन एजेंसियों के फोन की भी हो रही थी टेपिंग एफबीआई के मुताबिक दूरसंचार कंपनियों के सिस्टम में सेंध लगाने वालों के निशाने पर अकेला ट्रेजरी डिपार्टमेंट नहीं था।

# भारत की राह में फिर रोड़ा बनने की साजिश रचेगा पाकिस्तान

## यूएनसी का अस्थायी सदस्य बनने के बाद उठे सवाल

**नई दिल्ली ।** पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (वठरउ) का अस्थायी सदस्य बन चुका है। बुधवार को उसने परिषद में जापान की जगह ले ली है। इसे लेकर सवाल उठने लगे हैं। माना जा रहा है कि पाकिस्तान भारत की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता की राह में रोड़ा बनेगा? इसका संकेत पाकिस्तान की ओर से पहले ही दिया जा चुका है। पाकिस्तान के राजदूत कह चुके हैं कि वह परिषद में किसी भी नए स्थायी सदस्य को शामिल करने का विरोध करेगा। ऐसे में भारत को परिषद में जगह पक्की करने के लिए कूटनीति से काम लेना होगा।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान को दो साल के लिए अस्थायी सदस्य के तौर पर जगह मिली है। दक्षिण कोरिया भी परिषद का



अस्थायी सदस्य बना है। उसका कार्यकाल भी दो साल का होगा। पाकिस्तान और दक्षिण कोरिया 1 जनवरी 2025 से लेकर 31 दिसंबर 2026 तक सुरक्षा परिषद के अस्थायी सदस्य चुने गए हैं।

पाकिस्तान के पास जुलाई में परिषद की अध्यक्षता करने का भी मौका होगा। इसके जरिये उसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का एजेंडा तय करने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा पाकिस्तान को इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) और अलकायदा प्रतिबंध समिति में भी जगह मिली है।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सीट मिलने के बाद पाकिस्तान भारत के लिए चुनौती बनेगा। क्योंकि पाकिस्तान का मुख्य एजेंडा कश्मीर मुद्दे पर बात करना होगा। पाकिस्तान के संयुक्त राष्ट्र में राजदूत मुनीर अकरम ने कहा कि हम कश्मीर मुद्दे को उजागर करना जारी रखेंगे और अंतरराष्ट्रीय समुदाय पर ठोस कदम उठाने के लिए दबाव डालेंगे।

पाकिस्तान भारत के परिषद के स्थायी सदस्य बनने का भी विरोध कर सकता। पाकिस्तान बिल्कुल भी नहीं चाहेगा कि भारत परिषद का स्थायी सदस्य बने। इसे लेकर वह पहले ही साफ कर चुका है कि वह किसी भी नए स्थायी सदस्य को शामिल करने का कड़ा विरोध करेगा तथा इसके बजाय अस्थायी श्रेणी के विस्तार का पक्षधर होगा।

# ब्रिटेन में बढ़ रहा 'ग्रूमिंग गैंग्स' स्कैंडल, मस्क और ब्रिटिश सासंदों समेत दिग्गज हस्तियों का फूटा गुस्सा

**लंदन ।** ब्रिटेन में लगातार बढ़ रहे ग्रूमिंग गैंग्स मामलों पर बहस छिड़ गई है। पिछले 24 घंटों में सोशल मीडिया मंच एक्स पर तीखी बहस देखी गई। इस मुद्दे पर ब्रिदिश सांसदों, दिग्गज अरबपति एलन मस्क और ब्रिटिश लेखक जोआन रोलिंग जैसी हस्तियों ने अपने विचार साझा किए। टेस्ला सीईओ मस्क ने ऐसे अपराधों से निपटने के ब्रिटेन के तरीके की आलोचना की। उन्होंने पूर्व सीपीएस प्रमुख और वर्तमान प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर पर सीधा निशाना साधा।

ग्रूमिंग गैग्स के लोग छोटी और कमजोर लड़कियों को अपना निशाना बनाते हैं। वे उन्हें गिफ्ट्स देते हैं और यह एहसाल दिलाते हैं कि वह उनसे बहुत प्यार करते हैं। वहीं, जब लड़कियां इन पर विश्वास करने लगती हैं, तो वे इन्हें शोषण के जाल में फंसा देते हैं। ग्रूमिंग गैंग्स के लोग इन लड़कियों को पार्टी में ले जाते हैं, उन्हें ड्रग्स देते हैं और एक या एक से अधिक लोगों के साथ संबंध बनाने के लिए





मजबूर करते हैं। इनमें से कई लड़कियां गर्भवती भी हुई, जिन्हें गर्भपात कराना पड़ा। हालांकि, कुछ ने अपने बच्चे को जन्म दिया, लेकिन उन्हें इसके पिता का नाम नहीं मालूम था। ग्रूमिंग गैंग्स ने रोशडेल, रॉदरहैम और टेलफॉर्ड राज्यों में सबसे ज्यादा लड़कियों को अपने चंगुल में फंसाया।

### एलन मस्क का स्टार्मर पर बड़ा आरोप

एलन मस्क ने कहा, 'ब्रिटेन में गंभीर अपराधों जैसे दुष्कर्म के मामलों में पुलिस को संदिग्धों पर आरोप लगाने के लिए क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस (सीपीएस) की मंजूरी की आवश्यकता होती है। जब दुष्कर्म करने वाले गैंग को युवा लड़कियों का शोषण करने की अनुमति दी गई थी, बिना किसी न्याय का सामना किए, तब सीपीएस के प्रमुख कौन थे? साल 2008 से 2013 तक कीर स्टार्मर।' उन्होंने एक अन्य पोस्ट में कहा, 'टॉमी रॉबिन्सन को मुक्त किया जाए।

# ट्रंप टावर में टेस्ला साइबर ट्रक में हुआ विस्फोट

**नई दिल्ली ।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लास वेगास स्थित ट्रंप इंटरनेशनल होटल के बाहर टेस्ला के साइबर ट्रक में विस्फोट और आग लगने का मामला सामने आया है। इस घटना में एक व्यक्ति के मारे जाने और सात अन्य



लोगों के घायल होने की भी खबर है। इस घटना का एक वीडियो भी वायरल हुआ है। वहीं, लास वेगास पुलिस विभाग ने इस घटना की जांच शुरू कर दी है। वहीं, टेस्ला के मालिक एलन मस्क ने वाहन में आग लगने की घटना को लेकर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि अभी तक उन्होंने कभी ऐसा नहीं देखा है। घटना के वायरल वीडियो में होटल के बाहर टेस्ला साइबर ट्रक को आग की लपटों में घिरा दिखाया गया है।

# बांग्लादेश में शेख मुजीबुर रहमान की विरासत मिटाने की तैयारी, पाठ्यपुस्तकों में किया गया बड़ा बदलाव

**ढाका ।** न कि शेख मुजीबुर रहमान ने। अभी तक बांग्लादेश की आजादी की घोषणा का श्रेय शेख मुजीबुर रहमान को दिया जाता था।

### पाठ्यक्रम में किया गया ये बदलाव

बांग्लादेशी मीडिया के अनुसार, नई पाठ्यपुस्तकों में कई बदलाव किए गए हैं, जिनमें शेख मुजीबुर रहमान को दी जाने वाली 'राष्ट्रपिता' की उपाधि भी हटा ली गई है। 2025 शैक्षणिक वर्ष के लिए नई पाठ्यपुस्तकों में बताया जाएगा कि '26 मार्च, 1971 को जियाउर रहमान ने बांग्लादेश की आजादी का एलान किया था और 27 मार्च को उन्होंने बंगबंधु की ओर से स्वतंत्रता की एक और घोषणा की।' बांग्लादेशी मीडिया ने राष्ट्रीय पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तक बोर्ड के अध्यक्ष प्रोफेसर एकेएम रेजुल हसन के हवाले से यह जानकारी दी है।

पाठ्यपुस्तकों में बदलाव की



**बांग्लादेश में सिलसिलेवार तरीके से शेख मुजीबुर रहमान की विरासत को मिटाने की कोशिश हो रही है और अब इसी कोशिश के तहत बांग्लादेश की पाठ्य पुस्तकों में एक बड़ा बदलाव किया गया है। इस बदलाव के तहत बताया गया है कि साल 1971 में बांग्लादेश की आजादी की घोषणा पहली बार जिया उर रहमान ने की थी**

प्रक्रिया में शामिल रहे रिसर्चर राखल राहा ने कहा कि पाठ्यपुस्तकों से अतिरंजित और थोपे गए इतिहास को हटाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि 'पाठ्यपुस्तकों में बताया गया था कि शेख मुजीबुर रहमान ने पाकिस्तानी सेना द्वारा गिरफ्तार किए जाने वायरलेस संदेश में बांग्लादेश की आजादी का एलान किया था, लेकिन ऐसा कोई तथ्य नहीं मिला, जिसके बाद ही इसे हटाने का फैसला किया गया है।

आवामी लीग के समर्थक मानते हैं कि शेख मुजीबुर रहमान ने देश की आजादी का एलान किया था और जियाउर रहमान ने, जो उस समय सेना में थे, मुजीब के निर्देश पर केवल घोषणा पढ़ी थी। बांग्लादेशी करेंसी से भी मुजीबुर रहमान की तस्वीर हटाने की तैयारी बांग्लादेश के नोटों से शेख मुजीबुर रहमान की तस्वीर हटाने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। बीते साल 5 अगस्त को शेख हसीना के सत्ता से बाहर होने और उनके देश छोड़कर जाने के बाद से ही शेख मुजीबुर रहमान की विरासत को मिटाने की कोशिश की जा रही है।

# धूमधाम से मनाया गया वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश साधना का जन्मदिन





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता जगदीश साधना का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर परिवार के लोगों ने तथा समाज के गणमान्य लोगों ने जगदीश साधना की लंबी आयु उत्तम स्वास्थ और यशस्वी जीवन की कामना करते हुए उन्हें जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं दी। जगदीश साधना ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर का विक्रमादित्य सिंह मलिक ने किया औचक निरीक्षण

## फरवरी 2025 में होगी एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर की शुरुआत : नगर आयुक्त

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर आयुक्त द्वारा शहर में बन रहे दूसरे एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर का औचक निरिक्षण किया गया, मौके पर नगर आयुक्त द्वारा चल रहे कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही फरवरी माह में एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर की शुरूआत करने के लिए भी निर्देशित किया गया। अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, उप मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. अनुज, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी भी मौके पर उपस्थित रहे।



### नगर आयुक्त ने गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के दिए निर्देश

**करंट क्राइम।** नए बस अड्डे स्थित मल्टी लेवल कार पार्किंग के पीछे गाजियाबाद का दूसरा एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर बनाया जा रहा है। करदाई संस्था सी एंड डी एस द्वारा निर्माण कार्य चल रहा है, ऑपरेशन थिएटर किचन एरिया डॉक्टर टीम के बैठने का स्थान स्टोर व अन्य रूम बनकर तैयार हो चुके हैं। नगर आयुक्त द्वारा फिनिशिंग पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा गया। गुणवत्ता की मॉनिटरिंग बनाए रखने के लिए भी निर्देश दिए गए।

### इस कार्य में लगभग एक करोड़ 85 लाख की लागत आएगी

**करंट क्राइम।** एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर में 35 से 40 स्वान प्रतिदिन की क्षमता रहेगी। लगभग एक करोड़ 85 लाख की लागत से निर्माण कार्य चल रहा है। गाजियाबाद नगर निगम नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में शासन की योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए रफ्तार दे रहा है। इसी क्रम में शहरवासियों को लाभ प्राप्त हो तेजी से प्रोजेक्ट के निर्माण कार्यों को कराया जा रहा है। शहर का दूसरा एनिमल कंट्रोल बर्थ सेंटर सभी के लिए लाभदायक रहेगा। उपस्थित टीम को तेजी से कार्य पूर्ण करने के लिए कहा गया।

# जीडीए ने किया मानचित्र समाधान दिवस का सफलतापूर्वक आयोजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा मानचित्र समाधान दिवस का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस आयोजन का नेतृत्व विकास प्राधिकरण के वीसी के निर्देशानुसार किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों की मानचित्र से संबंधित समस्याओं का त्वरित और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना था।



कार्यक्रम के उद्देश्य और उपलब्धियां

1. डइढअर (Online Building Plan Approval System) के प्रकरणों की समीक्षा : सचिव द्वारा डइढअर से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा की गई। प्रकरणों के त्वरित निस्तारण और प्रक्रियाओं को सरल बनाने के लिए निर्देश जारी किए गए।

2. समस्याओं का त्वरित समाधान : बड़ी संख्या में नागरिकों ने अपनी आवासीय, व्यावसायिक और औद्योगिक मानचित्रों से जुड़ी समस्याएं प्रस्तुत कीं। अधिकारीगण ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए अधिकांश समस्याओं का समाधान किया। वीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि नागरिकों की शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए। यह पहल प्राधिकरण और नागरिकों के बीच विश्वास और सहयोग को बढ़ाने में सहायक सिद्ध हुई।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** थाने वाले धरने के मैटर में जब हुई हमारी मंत्री जी से बात? तब उन्होंने छोड़ दिये भगवा कमांडर पर सारे हालात? कहा वो इस पूरे प्रकरण पर कर रहे हैं काम? अब हम उनसे बात करने के बाद ही दे पायेंगे आपको कुछ पैगाम? मंत्री जी ने इस पूरे मामले में अध्यक्ष जी पर किया है भरोसा? ना जाने उन्होंने अपने शब्दों में इस पूरे मैटर को है किस तरह परोसा?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब हुई भगवा बाऊजी के बर्थडे पर गाजियाबाद की राजनीति पर कोई संदेश देने की बात? इस सवाल को सुन कर उनके चेहरे पर आ गई मुस्कुराहट? उन्होंने कहा अब मेरा विजन है पूरी तरह क्लीयर? अब मैं यहां की राजनीति पर कुछ भी नहीं कहूंगा डियर? जो पहले थे वो आज भी है हमारे नियर?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** युवा वाले डेढ़ा भैया ने थाने पर धरना दिया जोरदार? उनके धरने को देखकर अंदरखाने निकल कर आई कुछ आवाजें बाहर? कहने वालों ने कहा बिरादरी वाले ब्रदर की है बात? इसलिए लगा है डेढा भैया के दिल को आघात? कहने वाले ने कहा हम इस तरह की बातें करने वालों को करना चाहते हैं क्लीयर? जब घटी थी मिश्रा के साथ घटना? तब वो डेढा जी की बिरादरी का नहीं था डीयर? उन्होंने तो उठाई है कार्यकर्ता के लिए आवाज? इसलिए कहने वालों को नहीं कहनी चाहिए इस तरह की बात?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जो भी हो थाने वाले धरने पर सबसे ज्यादा दिखाई दे रहा था बिरादरी के पक्ष में आवाज उठाने को लेकर गुर्जर बिरादरी का दम? समाज के चेहरे ज्यादा नजर आ रहे थे बाकी चेहरे दिख रहे थे कम? कहने वाले ने कहा हमने देखा भाजपा के सभी महानगर अध्यक्ष के दावेदार बना गये इस पूरे मैटर से दूरी? कुछ तो वजह रही होगी, कुछ तो रही होगी मजबूरी?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के शुक्ला जी इस बार लगता है अपने प्रिय शंकर का करके रहेंगे उद्धार? हमने देखा वो अपने प्रिय की सिफारिश को लेकर गये थे गृह मंत्रालय वालों के द्वार? दिखा रहे थे वो गेट पास से मुलाकात के सबूत? उनके तेवर करा रहे थे एहसास? मंडल वाले मैटर में वो मजबूत करके रहेंगे अपने प्रिय शंकर का वजूद?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** इन्दिरापुरम वाले थाने पर युवा मोर्चा वालों का धरना चला जोरदार? यहां पर हो रहे थे भगवागढ़ के कई पार्षदों के दीदार? सेक्टर 23 के पप्पू भैया का भी दिखाई दे रहा था थाने पर वजूद? मगर चर्चा इस बात की चल रही थी क्यों नहीं रहे स्थानीय पार्षद धरने पर मौजूद? कहने वाले ने कहा हो सकता है वो नहीं हों इस दौरान अपने मौहल्ले के पास? नहीं तो वो ऐसे शख्स नहीं है जो विपत्ति में छोड़ दें अपने लोगों का साथ?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा क्रान्तिकारी युवा त्यागी ने राजनीति में कर लिया है फिर से कमबैक? ऑफ्टर मैरिज वो हो गये थे राजनीति को लेकर काफी रिलैक्स? सुना है अब वो किसी के खोपड़े से नहीं, अब अपने खोपड़े से कर रहे हैं काम? थाने पर जो चल रहा था धरना? उसमें वो पूरी मजबूत से थे विराजमान? कहने वाले ने कहा सुना है उनके दिल में जग गई है भाजयूमों का कमांडर बनने की आस? इसलिए अब वो नजर आयेंगे राजनीति के तमाम कार्यों के आस-पास?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** ये बात गलत है कि मंत्री जी ने नहीं लिया थाने वाले मैटर में इंटरेस्ट? हमने देखा उनकी टीम के कई लोग मौके पर मौजूद थे? इस बात से होता है उनके इंटरेस्ट का ट्रस्ट? कहने वाले ने कहा अगर कुछ और ही होता इस मैटर में मंत्री जी का संदेश? तो नजर नहीं आते उनसे जुड़े हुए चेहरों मौके पर फेस?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जबसे किया है भगवा कमांडर बनने को लेकर ठाकुर समाज ने मामला जोरदार? तबसे हम देख रहे हैं खोड़ा वाले चौहान जी के फेस पर आ गई है चमन की बहार? कहने वाले ने कहा कि हाल ही में वो पूरे धीरज से गये थे अपनी बात लेकर मुराद पूरी करने वाले विधायक जी के पास? यहां पर वो रख कर आये हैं अपने दिल की अरदास? देखना अब ये है कभी जनरली साहब के प्रिय रहे इस फेस का क्या बनता है बेस? फिलहाल तो कमांडर की नाव में बैठकर ये दे रहे हैं अध्यक्ष बनने का संदेश?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भाजपा अध्यक्ष बनने को लेकर अब दलित समाज से भी उठने लगा है पैगाम? कहने वाले कह रहे हैं भले ही पार्षद वाले मैटर में चूक गये हों? मगर इस बार नहीं चूके मिस्टर प्रदीप चौहान? कहने वाले कह रहे है कि सिम्पैथी के अलावा भी मिस्टर चौहान का पार्टी में है पुराना इतिहास? उस आधार पर उनकी अध्यक्ष वाली दावेदारी बनती है खास? अगर पार्टी करे दलित चेहरे के नाम पर विचार? तो फिर मजबूत होना चाहिए इस चेहरे का किरदार?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जीवन में सेवा को सबसे बड़ा धर्म माना गया है। सनातन धर्म संस्कृति में गौ सेवा सबसे बड़ी सेवा कही गई है। सोनिका नागी ने सभी से गौ सेवा को अपनी नित्य क्रिया में सम्मिलित करने का अनुरोध किया। इस भाव को उन्होंने अपनी फेसबुक पोस्ट पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।